राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 01
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 01 दिसंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट | पेज 3 गौतम बुद्ध नगर में लगेंगे 500 से अधिक विशेष शिविर | पेज 4 यातायात माह नवम्बर 2025 का समापन | पेज 6 विराट कोहली ने रचा इतिहास: एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक

14 साल बेमिसाल

विशाल इंडिया राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र के 14 वर्ष पूरे होने पर सभी सुधि पाठको को हार्दिक बधाई

**विरोध प्रदर्शन**




वसंत कुंज सेक्टर बी, पॉकेट 1 के निवासी नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर क्षेत्र में प्रस्तावित बहुमंजिला इमारतों के निर्माण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान नारे लगाते हुए।

# तमिलनाडु : दो बसों की टक्कर, 11 की मौत

## मृतकों में 2 बच्चे भी, शव सीटों के बीच फंसे थे; 20 से ज्यादा घायल





शिवगंगा। तमिलनाडु के शिवगंगा जिले के तिरुपत्तूर के पास दो बसों के रविवार दोपहर आमने-सामने से टक्कर हो गई।

हादसे में 11 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में 8 महिलाएं, 2 बच्चे और एक पुरुष शामिल हैं। 20 से ज्यादा घायल हैं। शिवगंगा एसपी शिवा प्रसाद के मुताबिक घायलों में कुछ की हालत गंभीर है।

घटना के जो फोटो-वीडियो सामने आए हैं, उनमें नजर आ रहा है कि स्टेट ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की बसें ड्राइवर साइड टकराईं। टक्कर के कारण बसों का मलबा सड़क पर फैल गया। लोगों की लाशें सीटों में फंसी हुई थीं।

लोगों ने शवों को बाहर निकालने की कोशिश की। वहीं, स्थानीय लोगों ने बस के कांच तोड़कर घायल यात्रियों को बाहर निकाला।

# शादी में जा रहे परिवार के 6 लोगों की मौत

- मुरादाबाद में रोडवेज बस ने टेंपो को रौंदा, उछलकर 15 फीट दूर गिरे; सिर फट गया



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में रोडवेज बस ने सवारियों से भरे टेंपो में टक्कर मार दी, फिर टेंपो पर चढ़ गई। हादसे में परिवार की 3 महिलाओं समेत 6 लोगों की मौत हो गई। एक व्यक्ति घायल है। टक्कर लगने से लोग करीब 15 फीट दूर उछलकर गिरे। सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आने के चलते उनकी मौत हो गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेंपो बुरी तरह डैमेज हो गया। उसकी छत उड़ गई और वह दो हिस्सों में बंट गया। बताया जा रहा कि टेंपो सवार कटघर थाना क्षेत्र के रफातपुर गांव में शादी में शामिल होने जा रहे थे। तभी हादसा हो गया।

मरने वालों की पहचान कुंदरकी के अब्दुलाहपुर निवासी सीमा पत्नी करन सिंह, आरती, अभय, सुमन पत्नी हरदीप, अनन्य और ऑटो चालक संजू के रूप में हुई। हादसे के बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी और एम्बुलेंस से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

एसपी सिटी रणविजय सिंह ने बताया- सवा तीन बजे रोडवेज बस ने टेंपो में पीछे से टक्कर मार दी। इसमें एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। परिवार का एक सदस्य घायल है। हादसे के बाद रोडवेज चालक फरार हो गया है। बस को थाने में खड़ा करा दिया गया है।

एंबुलेंस चालक सरबजीत ने बताया कि मुझे 2 बजकर 45 मिनट पर सूचना मिली। तत्काल हम लोग मौके पर पहुंचे। दो एंबुलेंस पहुंची थी। सभी को अस्पताल लाया गया। जहां 6 लोगों की मौत हो गई।

## राजस्थान में बदमाशों ने कार के कारखाने में पेट्रोल छिड़क लगाई आग, 18 कारें जलकर हो गई खाक

**जयपुर।** राजस्थान के झुंझुनूं में शनिवार देर रात बदमाशों ने कार के एक कारखाने में खड़ी कारों पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। इस घटना में मरम्मत के लिए खड़ी 18 कारें पूरी तरह जलकर खाक हो गई। आग इतनी तेज थी कि दो किलोमीटर तक लपटें देखी गईं। इस दौरान धमाकों की आवाज भी दूर तक सुनाई देती रही। बाद में अग्निशमन दल ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार पांच दिन पहले भी कारखाने और पास में स्थित एक होटल में कुछ लोगों ने तोड़फोड़ की थी। उस समय होटल संचालक ने सीसीटीवी कैमरों के फुटेज के आधार पर शिकायत दी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही थी इसी बीच शनिवार देर रात कारों को आग के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपित के भाई एवं भांजे को रविवार को गिरफ्तार किया है।

# उत्तराखंड के मौलाना को एनआईए ने 20 घंटे बाद छोड़ा

हल्द्वानी। दिल्ली कार ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम ने उत्तराखंड के हल्द्वानी से एक मस्जिद के इमाम सहित दो लोगों हिरासत में लिया था।

एनआईए ने दिनभर लगभग 20 घंटे से ज्यादा की पूछताछ के बाद दोनों को छोड़ दिया है। सूत्रों के अनुसार, एनआईए ने लैपटॉप, फोन और कॉल रिकॉर्ड खंगाले है।

सूत्रों के अनुसार, इन दोनों के मोबाइल नंबर ब्लास्ट में शामिल आतंकी उमर के मोबाइल से मिले हैं।

एनआईए ने दोनों को नैनीताल पुलिस के हवाले कर दिया। नैनीताल पुलिस ने भी पूछताछ के बाद दोनों को छोड़ दिया। रिहा होने के बाद मस्जिद के इमाम मौलवी आसिम ने बताया कि एनआईए उसे पूछताछ के लिए ले गई थी। राष्ट्रीय सुरक्षा के संबंध में उससे पूछताछ की गई है और सुरक्षा एजेंसी को उन्होंने कॉर्पोरेट किया।

# साइक्लोन दितवाह से तमिलनाडु में 3 लोगों की मौत

## 149 जानवरों की जान गई, पुडुचेरी में स्कूल बंद; तूफान धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा

**चेन्नई।** साइक्लोन दितवाह के चलते बारिश से जुड़ी घटनाओं में तमिलनाडु में 3 लोगों की मौत हुई है। तूतीकोरिन और तंजावुर में दीवार गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। मयिलादुथुराई में करंट लगने से 20 साल के युवक की जान गई।

राज्य सरकार में मंत्री के रामचंद्रन ने बताया- तटीय इलाकों में 234 झोपड़ियों/कच्चे घरों को नुकसान पहुंचा है।

इसके अलावा 149 जानवरों की मौत हो गई है। खेती के काम वाली करीब 57,000 हेक्टेयर जमीन पानी में डूब चुकी है।

वहीं, पुडुचेरी में तूफान के असर के चलते तेज बारिश जारी है। पुडुचेरी के



गृह मंत्री ए. नमस्सिवायम कहा कि सोमवार (1 दिसंबर) को राज्य के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल बंद रहेंगे।

इधर आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम साइक्लोन वार्निंग सेंटर के जगन्नाथ कुमार ने बताया- तूफान दितवाह दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उत्तर श्रीलंका के पास से आगे बढ़कर अब दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उत्तरी तमिलनाडु-पुडुचेरी तट के पास स्थित है।

कुमार ने बताया तूफान धीरे-धीरे उत्तर दिशा में कुड्डालोर से 100 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व में, कराईकल से 100 किमी पूर्व-उत्तरपूर्व में, पुडुचेरी से 110 किमी दक्षिण-पूर्व, वेदरन्यम से 140 किमी उत्तर-पूर्व और चेन्नई से 180 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व में आगे बढ़ रहा है।

आईएमडी के मुताबिक तूफान का केंद्र तमिलनाडु-पुडुचेरी तट से मात्र 70 किमी की दूरी पर है।

जो रविवार तक तट से सिर्फ 30 किमी की मिनिमम डिस्टेंस पर रहेगा। तूफान अगले 24 घंटे में तट के बिल्कुल बराबर से आगे बढ़ेगा। हालांकि यह पूरा समय दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के भीतर ही रहेगा।

# एसआईआर की डेडलाइन 7 दिन बढ़ाई गई

## 12 राज्यों में वोटर वेरिफिकेशन 11 दिसंबर तक चलेगा; फाइनल लिस्ट 14 फरवरी को जारी होगी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिविजन की समय सीमा एक सप्ताह बढ़ा दी है। आयोग ने रविवार को कहा कि अब अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी।

मतदाता जोड़ने-हटाने का एन्यूमरेशन पीरियड यानी वोटर वेरिफिकेशन अब 11 दिसंबर तक चलेगा, जो पहले 4 दिसंबर तक तय था।

वहीं, पहले ड्राफ्ट लिस्ट 9 दिसंबर को जारी होनी थी, लेकिन अब इसे 16 दिसंबर को जारी किया जाएगा।

दरअसल बिहार के बाद देश के 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में एसआईआर 28 अक्टूबर से शुरू हुआ है। इस प्रोसेस में वोटर लिस्ट का अपडेशन होगा। नए वोटरों के नाम जोड़े जाएंगे और वोटर लिस्ट में सामने आने वाली गलतियों को सुधारा जाएगा।

### चुनाव आयोग का ऐलान- बीएलओ को मिलेगी डबल सैलरी

चुनाव आयोग ने बूथ लेवल ऑफिसर्स की सैलरी 6000 से बढ़ाकर 12000 रुपए सालाना कर दी है। इसके अलावा वोटर रोल तैयार करने और उनमें बदलाव करने वाले बीएलओ सुपरवाइजर की सैलरी भी 12000 से बढ़ाकर 18000 रुपए कर दी गई है। जिस सरकारी कर्मचारी को बीएलओ का काम दिया गया है उसे यह पैसा उसकी सैलरी के अलावा अलग से दिया जाता है। आयोग ने शनिवार को जारी एक रिलीज में कहा कि पिछला ऐसा बदलाव 2015 में किया गया था। पहली बार इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स और असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स को भी मानदेय दिया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रही मौजूदा एसआईआर प्रक्रिया में कुल 5.32 लाख बीएलओ काम कर रहे हैं। हर एक बीएलओ के पास करीब 956 वोटर्स के लिस्ट रिवीजन का काम है।



## हैप्पी मॉर्निंग

नयी नयी शादी हुई...
पति सुबह अपनी पत्नी पे पानी डाल देता है पत्नी- (नींद में से उठती हुई गुस्से में)... पानी क्यों डाला? पति- तेरे पिता ने बोला था, दामादजी मेरी बेटी फूल की कली है, उसे मुरझाने मत देना, इसीलिए...
तब से पति गायब है...



## शायरी

करके बड़े-बड़े वादे तोड़ देती है हर बार,
यकीन ना आये तो चुन लो कोई और सरकार.

## अर्थसार



सेंसेक्स:
85,706.67
-13.71 (0.016%)
निफ्टी:
26,202.95
-12.60

## मौसम



अधिकतम : 23 डिग्री से0
न्यूनतम : 07 डिग्री से0
सूर्योदय मंगलवार : 7 : 00
सूर्यास्त सोमवार : 5 : 26

# मोबाइल में एक्टिव सिम से ही चलेंगे वॉट्सएप-टेलीग्राम-स्नैपचैट

## सिम हटाई तो एप बंद, कम्प्यूटर पर भी हर 6 घंटे में लॉगआउट; दावा- साइबर फ्रॉड घटेगा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स को लेकर नया आदेश जारी किया है। वॉट्सएप, टेलीग्राम, सिग्नल, स्नैपचैट, शेयरचैट, जियोचैट, अराटाई और जोश जैसे मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स मोबाइल में एक्टिव सिम कार्ड के बिना नहीं चल पाएंगे। सरकार का दावा है कि इससे साइबर धोखेबाजों का पता लगाने में मदद मिलेगी।

दूरसंचार विभाग के आदेश में कहा



गया है कि मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स यह तय करें कि एप तभी चलेगा, जब यूजर की रजिस्टर्ड सिम उस मोबाइल में एक्टिव होगी। इतना ही नहीं 'सिम बाइंडिंग' के तहत अगर मोबाइल से सिम निकाल ली जाती है तो वॉट्सएप और बाकी दूसरे मैसेजिंग एप बंद हो जाएंगे।

वेब ब्राउजर यानी लैपटॉप या डेस्कटॉप के जरिए लॉगिन करने वाले यूजर के लिए भी बड़ा बदलाव किया गया है। अब मैसेजिंग प्लेटफॉर्म को हर छह घंटे में यूजर को लॉगआउट करना होगा। इसके बाद क्यूआर कोड के जरिए ही लॉगिन हो सकेगा।

# एमपी के दतिया से आतंकी गिरफ्तार, दिल्ली पुलिस ने पकड़ा

## पंजाब के गुरुदासपुर थाने पर फेंका था ग्रेनेड; घर से पिस्तौल-कारतूस मिले

**दतिया।** मध्यप्रदेश के दतिया में इंदरगढ़ से एक युवक को आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है।

आरोपी के कमरे से पिस्तौल और संदिग्ध सामग्री मिलने के बाद उसे टेरर मॉड्यूल से जुड़ा बताया जा रहा है। शुरुआती जांच में इसके पाक-प्रायोजित नेटवर्क से कनेक्शन की आशंका सामने आई है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान वार्ड क्रमांक-11, इंदरगढ़ निवासी विकास प्रजापति के रूप में हुई है। स्पेशल सेल



की टीम उसे 26 नवंबर को हिरासत में लेकर दिल्ली ले गई थी। विकास दिल्ली में मजदूरी करता था। गिरफ्तारी के समय उसकी मां और भाई जामनगर (गुजरात) में काम कर रहे थे।

सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार को जांच टीम विकास को दोबारा इंदरगढ़ लाई और उसके कमरे की तलाशी ली गई। इस दौरान एक पिस्तौल, कारतूस और करीब 10 ग्राम संदिग्ध सामग्री बरामद होने की बात सामने आई। इसके बाद उसे फिर दिल्ली ले जाया गया। स्थानीय पुलिस को फिलहाल केवल आर्म्स एक्ट से जुड़ी जानकारी दी गई है।

### आशंका- कई और कनेक्शन उजागर हो सकते हैं

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद कुमार कुशवाहा ने बताया कि यह मॉड्यूल पाकिस्तान में बैठे शहजाद भट्टी के इशारे पर काम कर रहा था। इस नेटवर्क से जुड़े तीन आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं—पंजाब का हरगुनप्रीत सिंह, यूपी का आरिफ और मध्यप्रदेश का विकास प्रजापति। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन्हीं आरोपियों ने 25 नवंबर को गुरदासपुर में थाने के सामने हैंड ग्रेनेड फेंका था। एजेंसियों का मानना है कि इस नेटवर्क के और भी कनेक्शन सामने आ सकते हैं। जांच अभी जारी है।

**हत्या**

**बोली- हमारा प्यार जीत गया; हत्या के आरोप में पिता-भाई समेत 6 गिरफ्तार**

# महाराष्ट्र के नांदेड़ में लड़की ने प्रेमी की लाश से शादी की

नांदेड़ (महाराष्ट्र)। महाराष्ट्र के नांदेड़ में प्रेम संबंध के चलते एक युवक की लड़की के घरवालों ने बेरहमी से हत्या कर दी। इसके बाद लड़की युवक के घर गई और प्रेमी के मृत शरीर से शादी कर ली। प्रेमी के हाथों से ही माथे पर सिंदूर लगाया और उसके घर में बहू बनकर रहने की कसम खाई। यह घटना नांदेड के इटवारा इलाके की है।

प्रेमी के हत्यारों अपने पिता और भाइयों के लिए मौत की सजा मांगते हुए प्रेमिका ने कहा- उसकी मौत में भी हमारा प्यार जीत गया और मेरे पिता और भाई हार गए। प्रेमिका ने आगे कहा कि उसने उससे शादी इसलिए की, क्योंकि भले ही सक्षम मर चुका है, लेकिन उसका प्यार अभी भी जिंदा है।

पुलिस ने इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें गजानन बालाजीराव मामीलवाड़, साहिल मामीलवाड़, हिमेश मामीलवाड़, जयश्री मदनसिंह ठाकुर, सोमेश लाखे और वेदांत कुंदेकर शामिल हैं।

### सक्षम को पहले गोली मारी गई, फिर सिर कुचला

नांदेड़ के रहने वाले सक्षम ताटे (22) और आंचल मामीलवाड़ (20) तीन साल से रिलेशनशिप में थे। दोनों शादी करना चाहते थे, लेकिन सक्षम की दूसरी जाति के होने के चलते आंचल के घरवालों को रिश्ता पसंद नहीं था। साथ ही वे आंचल पर सक्षम से अलग होने का दबाव बना रहे थे।

आंचल और सक्षम कोर्ट मैरिज करने की योजना बना रहे थे। जब यह बात आंचल के पिता गजानन मामीलवाड़ और भाइयों को मालूम हुई तो उन्होंने बहाने से सक्षम को मिलने बुलाया और उसे जमकर पीटा। इसके बाद उसके सीने में गोली मार दी। आरोपियों ने पत्थरों से उसका सिर भी कुचल दिया।



मृतक युवक

### डीएसपी बोले- पीट-पीटकर हत्या की गई

एफआईआर के मुताबिक आरोपी की तलाश करते के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि वह परभणी के मानवत में अपने रिश्तेदारों के पास रहने चला गया है। पुलिस के अनुसार गजानन मामीडवार (45) और साहिल गजानन मामीडवार (25) ने साजिश के तहत अपराध करने की बात कबूल ली है। नांदेड़ के डीएसपी प्रशांत शिंदे ने बताया कि सक्षम ताटे की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। हमने अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

# बांग्लादेशी तस्करों का बीएसएफ जवानों पर हमला

## जवाबी कार्रवाई में एक तस्कर ढेर

- अन्य तस्कर वापस बांग्लादेश की ओर भाग निकले

**एजेंसी**

**कोलकाता।** बंगाल के नदिया जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर शनिवार रात बांग्लादेशी तस्करों और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जवानों के बीच मुठभेड़ हो गई।

मुठभेड़ में बांग्लादेशी तस्करों ने जवानों पर जानलेवा हमला कर तस्करी का प्रयास किया, जिसे बीएसएफ ने विफल कर दिया। इस दौरान आत्मरक्षा में की गई जवाबी कार्रवाई में बीएसएफ की गोली से एक बांग्लादेशी तस्कर ढेर हो गया।

बल के दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के प्रवक्ता ने रविवार को एक बयान में बताया कि यह घटना 32वीं वाहिनी की सीमा चौकी मतियारी इलाके में हुई।

अन्य तस्कर वापस बांग्लादेश की ओर भाग निकले। मौके से एक कटर, चार धारदार हथियार, प्रतिबंधित फेंसेडिल कफ सीरप की 96 बोतलें और दो विदेशी शराब की बोतलें बरामद हुईं। बीएसएफ ने स्थानीय थाने में घटना की एक प्राथमिकी भी दर्ज कराई है।

# संपादकीय

## बच्चों को ऑनलाइन अश्लील सामग्री से कैसे बचाएं? सख्त नियम बनाना जरूरी है

आज के डिजिटल युग में इंटरनेट हर घर में पहुंच चुका है। स्मार्टफोन, टैबलेट और लैपटॉप बच्चों के हाथ में खिलौने की तरह हैं। लेकिन इसी इंटरनेट पर अश्लील सामग्री (पोर्नोग्राफी) का भयानक जाल बिछा हुआ है जो बच्चों के कोमल मन-मस्तिष्क को स्थायी रूप से नुकसान पहुंचा रहा है। एक सर्वे के अनुसार भारत में 10-15 साल के 70 प्रतिशत से ज्यादा बच्चे किसी न किसी रूप में पोर्न देख चुके हैं। यह आंकड़ा डरावना है। इसलिए अब सिर्फ समझाने-बुझाने से काम नहीं चलेगा; सख्त नियम बनाना और उन्हें लागू करना जरूरी हो गया है।



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### अश्लील सामग्री बच्चों पर क्या असर डालती है?

मस्तिष्क का विकास रुक जाता है, खासकर सेक्स और रिश्तों को लेकर गलत धारणा बनती है।

पढ़ाई में मन नहीं लगता, चिड़चिड़ापन और अवसाद बढ़ता है।

रियल लाइफ में लड़कियों-महिलाओं के प्रति गलत नजरिया बनता है।

कई बच्चे पोर्न एडिक्शन के शिकार हो जाते हैं और बाद में अपराध की राह पर चले जाते हैं।

### बच्चों को बचाने के लिए सख्त नियम और उपाय

घर में स्पष्ट और सख्त नियम बनाएं

12 साल से कम उम्र के बच्चे को बिना अभिभावक की निगरानी के फोन/लैपटॉप न दें।

रात 9 बजे के बाद सभी डिवाइस अभिभावक के पास जमा हों।

बच्चे का फोन अभिभावक के कमरे में चार्ज पर रखा जाए।

वाई-फाई पासवर्ड केवल माता-पिता जानें और रात में राउटर बंद कर दें।

### तकनीकी सुरक्षा कवच लगाएं

Google Family Link, Microsoft Family Safety, Qustodio या Norton Family जैसे पैरेंटल कंट्रोल ऐप जरूर लगाएं।

YouTube पर Restricted Mode ऑन करें, YouTube Kids ही इस्तेमाल करने दें।

DNS स्तर पर ब्लॉकिंग करें – OpenDNS Family Shield या Clean Browsing जैसे फ्री सर्विस इस्तेमाल करें।

पोर्न साइट्स को ब्लॉक करने के लिए के 9 Web Protection या प्लगइन जैसे BlockSite लगाएं।

### स्कूलों में अनिवार्य डिजिटल सेफ्टी शिक्षा

CBSE और राज्य बोर्ड को चाहिए कि कक्षा 6 से ही इंटरनेट सेफ्टी और पोर्नोग्राफी के खतरे विषय को सिलेबस में शामिल करें।

हर स्कूल में साइबर सेल हो जहां बच्चे बिना डर के अपनी समस्या बता सकें।

### सरकार को सख्त कानून बनाने चाहिए

पोर्न वेबसाइट्स को भारत में पूरी तरह बैन किया जाए (जैसे अभी भी कई साइट्स VPN से खुल रही हैं)।

ISP कंपनियों पर सख्ती हो कि डिफ़ॉल्ट रूप से एडल्ट कंटेंट ब्लॉक रहे।

बच्चों को पोर्न दिखाने वालों के लिए 7-10 साल की सजा का प्रावधान हो।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स (Instagram, Snapchat, Telegram) पर 18 साल से कम उम्र वालों का अकाउंट बनाने पर पूरी तरह रोक लगे।

### माता-पिता का सबसे बड़ा दायित्व

बच्चे से दोस्त जैसा व्यवहार करें, ताकि वह डर कर कुछ छुपाए नहीं।

सेक्स एजुकेशन घर से शुरू करें, न कि पोर्न से।

अगर बच्चे ने गलती से पोर्न देख लिया तो डांटने की बजाय शांति से समझाएं कि ये सब फेक और नुकसानदायक है।

बच्चे के फोन को अचानक चेक करते रहें, लेकिन भरोसा भी बनाए रखें।

### निष्कर्ष

बच्चों को ऑनलाइन अश्लीलता से बचाना कोई विकल्प नहीं, बल्कि हमारी मजबूरी और जिम्मेदारी है। सिर्फ प्यार और समझ से अब काम नहीं चलेगा। सख्त नियम, तकनीकी सुरक्षा, स्कूलों में जागरूकता और सरकार का कड़ा रुख – ये चारों मिलकर ही हमारे बच्चों को बचा सकते हैं। अगर आज हम चुप रहे तो कल हमारा बच्चा पोर्न एडिक्ट या अपराधी बन सकता है। इसलिए अभी से शुरू करें – घर में सख्त नियम लागू करें, तकनीक का सही इस्तेमाल करें और सरकार से सख्त कानून की मांग करें। हमारे बच्चों का भविष्य हमारे हाथ में है। इसे बचाना हमारा फर्ज है।

## अवसाद से मुक्ति

अक्सर देखा जाता है कि परीक्षाओं के दौरान छात्र तनावग्रस्त हो जाते हैं। एक भय हावी हो जाता है, जिससे वे परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पाते। कुछ छात्र तो अक्सर खूब पढ़कर जाने के बावजूद परीक्षा के दौरान तनाव के चलते सब कुछ भूल जाते हैं। दरअसल, हमारा शैक्षिक परिवेश हाल के दिनों में बेहद प्रतिस्पर्धी हो चला है। मासूम बच्चों के सामने गला-काट स्पर्धा होती है। विडंबना यह है कि दुनिया में सबसे बड़ी आबादी वाले देश में रोजगार के अवसर जनसंख्या के अनुपात में नहीं बढ़े हैं, जिससे स्पर्धा और कठिन हो गई है। उच्च शिक्षण संस्थान में प्रवेश हो या फिर नौकरी के अवसर, वे प्रतियोगियों के मुकाबले बहुत कम होते हैं, जिसकी परिणति छात्रों में बढ़ते तनाव और कालांतर में उसके अवसाद में बदलने के रूप में होती है। यही वजह है कि स्कूल-कालेजों के परीक्षा परिणाम आने पर देश में आत्महत्या करने वाले छात्रों की सुर्खियां अखबारों में बनती हैं। सुखद है कि अब आईआईटी मद्रास के शोधकर्ताओं ने ऐसे शारीरिक संकेतकों का पता लगाया है, जिससे पता चल सकेगा कि किन छात्रों में परीक्षा के दौरान चिंता बढ़ने का जोखिम अधिक है। इस खोज को शिक्षा प्रणाली में तनाव प्रबंधन व प्रदर्शन सुधारने हेतु बड़े बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। हाल ही में यह शोध 'बिहेवियरल ब्रेन रिसर्च' में प्रकाशित हुआ है। इससे छात्रों के लिए व्यक्तिगत तनाव प्रबंधन योजना भी तैयार हो सकेगी।

यह वैज्ञानिक सत्य है कि किसी भी व्यक्ति में मस्तिष्क व हृदय के बीच संचार-तंत्र टूटने से तनाव पैदा होता है। ऐसे में आईआईटी मद्रास ने परीक्षा के तनाव को पहचानने के जो जैविक संकेत पहचाने हैं, वे आने वाले समय में परीक्षा तनाव प्रबंधन में मददगार साबित हो सकते हैं। कोशिश है कि अब एआई की मदद से छात्रों के तनाव जोखिम की पहचान की जा सके। दरअसल, नये शोध की मुख्य बातें दो शारीरिक संकेतों को जोड़ने में निहित हैं। फ्रंटल अल्फा एसिमिट्री यानी एफएए, जो कि भावनात्मक नियमन का मस्तिष्क आधारित संकेतक है। दूसरा हार्ट रेट वैरिएबिलिटी, जो हृदय के अनुकूलन नियंत्रण को मापता है। ये संकेत चिंताग्रस्त छात्रों की पहचान करने में मदद करते हैं। शोधार्थियों ने पाया कि जिन छात्रों में एफएए पैटर्न नकारात्मक होता है, उनमें तनाव से हृदय के संतुलन तंत्र की क्षमता कमजोर पड़ जाती है। दरअसल, परीक्षा को लेकर जो अधिक फिक्र है, वो हृदय की प्रतिक्रिया को भी बाधित करती है।

# न सिद्धारमैया, न शिवकुमार...कर्नाटक की लड़ाई में मल्लिकार्जुन खरगे ने सेट कर ली अपनी गोटी?

अभिनय आकाश

राजनीतिक गलियारों में इसे सीधे तौर पर सत्ता हस्तांतरण समझौते, यानी दो ढाई साल बाद मुख्यमंत्री पद सौंपे जाने, का संकेत माना गया।

Word power is world power… Be it a judge, president or anyone else, including myself, everyone has to walk the talk. हिंदी में कहे तो शब्द की ताकत ही दुनिया की ताकत है।

दुनिया में सबसे बड़ी शक्ति यही है कि दिया हुआ वचन निभाया जाए। चाहे जज हो, राष्ट्रपति हो या कोई भी व्यक्ति। खुद मैं भी उसमें शामिल हूं। हर किसी को अपनी कही हुई बात पर चलना पड़ता है। 27 नवंबर 2025 को 8:21 मिनट पर 2023 कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के चाणक्य और राज्य के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने एक पोस्ट किया। राजनीतिक गलियारों में इसे सीधे तौर पर सत्ता हस्तांतरण समझौते, यानी दो ढाई साल बाद मुख्यमंत्री पद सौंपे जाने, का संकेत माना गया।

शिवकुमार की पोस्ट के कुछ घंटे बाद ही मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने जवाब देते हुए लिखा A Word is not power unless it betters the World for the people. इसे राजनीतिक विश्लेषक उनके पूरे कार्यकाल तक सीएम बने रहने के दावे के रूप में देख रहे।

कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद सीएम पद के लिए डीके शिवकुमार सबसे पोटेंशियल कैंडिडेट थे। कांग्रेस के शानदार प्रदर्शन का क्रेडिट भी उन्हीं को गया था। मगर सीएम सिद्धारमैया को बनाया गया तब से ही हर रोज कयास लगाए जा रहे थे कि बतौर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया अपना कार्यकाल पूरा कर पाएंगे या फिर नहीं। तो कर्नाटक में कांग्रेस सरकार के ढाई साल पूरे होने के बाद डीके शिवकुमार ने सीएम बनने की इच्छा जाहिर कर दी है।



हालांकि सार्वजनिक रूप से खुलकर उन्होंने कुछ भी नहीं कहा है। लेकिन इसके लिए अपना प्रेशर पॉलिटिक्स शुरू कर दिया है। राहुल गांधी की भी इस मामले में एंट्री हो चुकी है और कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की भी इस मामले में एंट्री हो चुकी है। लेकिन डीके शिवकुमार मानने के लिए तैयार नहीं है।

डीके शिव कुमार का कहना है कि जिस वक्त 2023 में नतीजे आए थे उस वक्त यह पार्टी आलाकमान ने तय किया था गुप्त कमरे में एक मीटिंग हुई थी जिसमें यह तय हुआ था कि ढाई साल पहले ढाई साल सिद्धारमैया मुख्यमंत्री रहेंगे और आखिर के जो ढाई साल हैं उसमें डीके शिव कुमार मुख्यमंत्री पद पर रहेंगे 20 नवंबर को वो ढाई साल का वक्त पूरा हो चुका है। ऐसे में डी के शिवकुमार अब जो उनके साथ डील हुई थी उस डील पर आए हैं कि ये डील अब पूरी होनी चाहिए लेकिन सिद्धार्थ रमैया का कहना है कि आलाकमान अब तय करेगा।

### वादा किया वो निभाना पड़ेगा

दरअसल, 10 मई 2023 को जब कर्नाटक विधानसभा चुनाव के नतीजे आए तो कांग्रेस को बड़ी बहुमत मिली। 224 सीटों वाले राज्य में 223 सीटों पर लड़कर कांग्रेस को 135 सीटें आई।

जुलाई 2019 में जिस तरह से भाजपा ने कांग्रेस के 13 विधायकों को तोड़कर राज्य में सरकार बनाई थी और सेंटर के बैकअप के बाद लगातार मजबूत दिख रही थी कांग्रेस की यह जीत निश्चित रूप से एक बड़ी जीत थी। इस जीत के बाद कांग्रेस का एक चेहरा स्टेट के बाहर भी काफी चर्चित हुआ। लोगों ने उसे कांग्रेस का चाणक्य माना और नतीजों के बाद मुख्यमंत्री पद के लिए सबसे फेवरेट चेहरा नाम था डी के शिव कुमार। डीके शिवकुमार ही कांग्रेस के स्टेट प्रेसिडेंट थे और पार्टी के लिए योजना बनाने से लेकर रिसोर्स मोबिलाइजेशन में वही हमेशा फ्रंट पर दिखे।

इसलिए जीत का बड़ा क्रेडिट या कहें तो पूरा क्रेडिट उन्हीं को गया। मगर कांग्रेस हाईकमान ने पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर भरोसा जताया। एक बड़ा कारण यह भी कि सिद्धार्थ रमैया का कद बहुत बड़ा है और पुराने नेता उनके फेवर में ज्यादा थे। यह बिल्कुल वही कहानी है जैसा हम राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच देखते हैं। जो मध्य प्रदेश में हमने कमलनाथ और ज्योतिरादित्य सिंधिया के बीच देखा।

### कर्नाटक में ऑपरेशन लोटस हो सकता है?

कुमार को बस इस चीज का एज है कि पार्टी का ऑर्गेनाइजेशनल कंट्रोल उनके पास है।

लेकिन यह सब बस संभावनाएं हैं। डीके शिवकुमार सार्वजनिक रूप से यही कह रहे हैं कि व्यक्तिगत हितों के आगे पार्टी का हित ज्यादा महत्वपूर्ण है।

मगर फिलहाल सबकी नजर इसी पर है और ताजा हालात को देखते हुए यह तो जरूर कह सकते हैं कि कांग्रेस हाईकमान के पास एक बड़ा पॉलिटिकल टेंशन सामने है। जिसका नतीजा कर्नाटक के भीतर ऑपरेशन लोटस 2.0 के लिए भी रास्ता खोल सकता है। 89 के बाद कांग्रेस की सबसे बड़ी जीत है 135 विधायकों के साथ। बीजेपी के पास 66 हैं और जेडीयू के पास 19 हैं। सिर्फ बीजेपी को सरकार बनाने के लिए बीजेपी प्लस जेडीयू प्लस 28 विधायकों की जरूरत है।

### सिद्धारमैया खेल सकते हैं दांव

सिद्धारमैया बाकी विकल्पों पर भी बात कर सकते हैं। वैसे विकल्प जिसमें पावर टशल पर विराम लगाने के लिए अपने किसी विश्वस्त को मुख्यमंत्री बनवाना या फिर इस शर्त पर आना कि डीके शिवकुमार को छोड़कर दूसरा कोई भी मुख्यमंत्री बने तो उन्हें समस्या नहीं होगी। ऐसे में डीके शिव कुमार भी अपनी तरफ से किसी को पुश कर सकते हैं। ऐसे में एक नाम जिस पर पार्टी विचार कर सकती है गृह मंत्री जी परमेश्वर का आता है। वह भी एक मजबूत और प्रभावी नेता हैं। उन्होंने पहले भी खुलकर मुख्यमंत्री बनने की इच्छा जताते हुए कहा है कि वह हमेशा से मुख्यमंत्री के रेस में रहे हैं।

### और भी प्लेयर मैदान में हैं

वैसे दो और प्लेयर हैं वहां पर। वो भी मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं। एक मलिकार्जुन खड़गे है जो कि खुद आलाकमान है।

उनकी कर्नाटक सीएम बनने की बड़ी इच्छा है। कर्नाटक को जिंदगी में पहली बार एक दलित मुख्यमंत्री जरूर मिलना चाहिए। दलितों की आबादी भी 11 प्रतिशत है। अगर उनकी उम्र आड़े आती है तो इन सब से अलग प्रियांक खड़गे अलग गोटी सेट करने में लगे हैं।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3726



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

काकुरो -3725 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

रमन और चमन दवा बेचने का काम करने लगे।

चमन- यह दवा ले लीजिए, इसे खाने वाला सदा जवान रहता है, कभी बूढ़ा नहीं होता। मुझे देखिए अभी मेरी उम्र अभी सिर्फतीन सौ साल है।

दुकानदार (पास खड़े व्यक्ति से बोला)- क्या तुम्हें ये तीन सौ साल के लगते हैं।

रमन- यह मैं कैसे बताऊँ! मैं तो इनके साथ डेढ सौ साल से हूँ।

□ □ □

रमन (नरेश से)- तुम्हारी पत्नी रोजाना घर में इतनी खिटपिट करती रहती है। तुम इतना तनावपूर्ण वातावरण को कैसे सह लेते हो?

नरेश (बड़े इत्मीनान से बोला)- दोस्त! ऑफिस एक ऐसा स्थान है, जहाँ आप घर के तनावों से मुक्ति पाकर विश्राम कर सकते हैं। और रोजाना मैं भी वही करता हूँ।

□ □ □

रमन-चमन आपस मे बातें कर रहे थे।

रमन (चमन से)- मेरी पत्नी दूसरी मंजिल से गिर गई।

चमन- क्या वह मर गई?

रमन- नहीं यार, यह तो अच्छा हुआ कि वह बाल-बाल बच गई।

चमन- अरे यार, तुम केवल बालों का क्या करोगे।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3726



**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, संजीवकुमार, सचिन, हेमा, राखी, पूनम ढिल्लों की फिल्म-३
३. 'दिल मेरा कहता है' गीत वाली सुनील, हरीश, सोनाली की फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की फिल्म-३
७. 'नीले गगन के तले' गीत वाली सुनील दत्त, मुमताज की फिल्म-४
९. 'जुबलीकुमार' राजेंद्रकुमार की पहली फिल्म जिसकी नायिका गीता बाली थी-३
११. अशोककुमार, नादिरा की 'काहे जादू किया मुझको' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुपर हिट फिल्म 'शोले' में धर्मेन्द्र के किरदार का नाम क्या था-२
१५. कुमार गौरव, शरनाज की 'जिंदगी कब तुम को' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'आजा आजा मैं हूँ प्यार' गीत वाली शम्मीकपूर, आशा की फिल्म-३,३
१८. सतीश कौल, सरिता की बी. आर. इशारा निर्देशित १९७४ की एक फिल्म-३
१९. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख शेख, पूनम का फिल्म-२
२०. गोविंदा, रवीना की 'तेरे प्यार ने ये क्या कर दिया' गीत वाली फिल्म-३
२२. 'दुनिया में कितना' गीत वाली राजेश खन्ना, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
२४. मनोज बाजपेयी, उर्मिला की जोड़ी वाली रामगोपाल वर्मा की एक फिल्म-२
२५. 'आधा है चंद्रमा रात आधी' गीत वाली महीपाल, संध्या की फिल्म-४
२६. विनोद मेहरा, मौसमी की 'तेरे नैनों के मैं दीप' गीत वाली फिल्म-४
२७. 'हम' में नायिका किमी काटकर के किरदार का नाम क्या था-२
२८. बलराज साहनी, लीला की 'हाये रे वो दिन क्यूं ना' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
२. आमिर खान, ग्रेसी सिंह की फिल्म-३
३. 'एहसान मेरे दिल पे तुम्हारा है' गीत वाली सुनीलदत्त, साधना की फिल्म-३
४. गीफा अवार्ड्स में किस को फिल्म 'रंग दे बसंती' के लिये सर्वश्रेष्ठ संगीतकार का पुरस्कार मिला था-४
५. ओमपुरी, शबाना आजमी, माधुरी की सुधीर मिश्रा निर्देशित फिल्म-३
८. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीना राय की १९९२ की एक फिल्म-४
१०. जिमी, उदय चोपड़ा, इरफान, नम्रता की 'राहें लहरा के हम से' गीत वाली फिल्म-३
१२. 'रंग और नूर की बारात किसे' गीत वाली सुनीलदत्त, मीना की फिल्म-३
१४. मिथुन, सारिका की 'साथी है हम जनमों के' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'दिल लूटने वाले जादूगर' गीत वाली रंजन, चित्रा जयश्री की फिल्म-३
१७. मिथुन, चंकी, ऋतुपर्णा, सोमी की 'जब मैंने तेरा' गीत वाली फिल्म-३,२
१९. फिल्म 'बंदिनी' की नायिका कौन थी-३
२१. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की 'बेईमान पिया रे' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिरोज खान, मुमताज की फिल्म-४
२३. विनोद खन्ना, आमिर, सैफ, अश्विनी भावे, रवीना, नीलम की 'हम बंजारे दिल नहीं देते' गीत वाली फिल्म-४
२६. जितेन निर्देशित मिथुन चक्रवर्ती, राखी, नीता मेहता की १९८६ की एक फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 3725



## सूडोकु -3726

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -3725 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## शब्द पहेली - 3726



**बाएँ से दाएँ**

1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**

1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

शब्द पहेली -3725 का हल



# गौतम बुद्ध नगर में लगेंगे 500 से अधिक विशेष शिविर

## डीएम ने सभी संगठनों और नागरिकों को सक्रिय भागीदारी का आग्रह किया

**गौतम बुद्ध नगर।** गौतम बुद्ध नगर की जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ऑडिटोरियम में एक अहम बैठक की। यह बैठक विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर आयोजित की गई थी, जिसमें प्राधिकरण समन्वयक, स्वयंसेवक, आरडब्ल्यूए, एओए प्रतिनिधि, उद्यमी, व्यापारी, श्रम संगठन और बिल्डर्स मौजूद थे।



जिलाधिकारी मेधा रूपम ने कहा कि जिला प्रशासन इस पुनरीक्षण अभियान को पूरी तत्परता, पारदर्शिता और प्रभावी ढंग से चला रहा है। उनका मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। उन्होंने बैठक में भाग लेने वाले संगठनों, संस्थाओं और आम नागरिकों के सहयोग को इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत बताया।

उन्होंने विस्तार से बताया कि प्रशासन ने नाम जोड़ने, संशोधन कराने और विभिन्न प्रपत्र जमा करने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए व्यापक विशेष महाअभियान चलाया है। इसमें राजनीतिक दलों, एओए, आरडब्ल्यूए संगठनों और आम नागरिकों का निरंतर सहयोग मिल रहा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी 1 और 2 दिसंबर 2025 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन दो दिनों में लेबर एरिया वाले क्षेत्रों में कुल 50 शिविर लगाए जाएंगे। इसके अलावा औद्योगिक इकाइयों में काम करने वाले श्रमिकों की सुविधा के लिए लगभग 50 कैंप और जिले के 35 प्रमुख शैक्षणिक तथा चिकित्सा संस्थानों में भी विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य छात्रों, कर्मचारियों और आम जनता को आसानी से अपना नाम जोड़ने या संशोधित कराने में मदद करना है। अभियान के तहत नोएडा और ग्रेटर नोएडा के एओए और आरडब्ल्यूए सहित कुल 1868 बूथों पर शिविर लगाए जाएंगे। हाई-राइज सोसायटियों, आवासीय क्षेत्रों, लेबर एरिया, उद्योग, संस्थान, फ़िल्म सिटी, मीडिया हाउस और अन्य 500 प्रमुख स्थलों पर भी शिविर आयोजित होंगे।

शिविरों में प्रपत्र 6 और प्रपत्र 8 सहित सभी एन्यूमरेशन फॉर्म स्वीकार किए जाएंगे। नागरिक किसी भी बूथ का फॉर्म किसी भी शिविर में जमा करा सकते हैं। शिविरों में प्रशिक्षित प्रशासनिक टीम और बीएलओ उपस्थित रहेंगे। 2003 की मतदाता सूची में नाम खोजने के लिए सर्च करने योग्य वेबसाइट, डिजिटल प्लेटफॉर्म और पीडीएफ मतदाता सूची उपलब्ध कराई जाएगी। पुराने पते से नए पते पर स्थानांतरित हुए व्यक्तियों के लिए बीएलओ समन्वय स्थापित किया जाएगा और जरूरत पड़ने पर मौके पर ही प्रपत्र 08 भरवाया जाएगा।

जिलाधिकारी ने सभी से अपील की कि शिविरों में मतदाता सूची से संबंधित किसी भी समस्या या प्रश्न का समाधान किया जाएगा। उनका कहना था कि अभियान का लक्ष्य यह है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से बाहर न रहे और सभी की जानकारी सही-सही दर्ज हो।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसा, कंटेनर ट्रक से टकराया

## ड्राइवर की इलाज के दौरान मौत, कंपनी का सामान लेकर आगरा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार देर रात एक सड़क हादसा हो गया। दिल्ली से आगरा की ओर जा रहा एक कंटेनर सामने चल रहे ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कंटेनर चालक सोनू शर्मा (निवासी हाथरस) केबिन में गंभीर रूप से फंस गया। पुलिस ने उसे बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला और ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक सोनू शर्मा के चाचा राजकुमार



शर्मा ने दनकौर कोतवाली में ट्रक चालक के खिलाफ शनिवार देर रात एफआईआर दर्ज कराई है।

परिजनों के अनुसार, सोनू मुरादनगर निवासी एक व्यक्ति के कंटेनर को चला रहा था और कंपनी का सामान लेकर आगरा की ओर जा रहा था। परिजनों ने बताया कि एक्सप्रेसवे पर आगे चल रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया, जिससे पीछे आ रहा कंटेनर अनियंत्रित होकर उससे टकरा गया। इस हादसे में कंटेनर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक घटना के बाद से फरार है। पुलिस टीमें उसकी तलाश कर रही हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ग्रेटर नोएडा में लगा कई किलोमीटर लंबा जाम

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में खेरली नहर (गंग नहर) तिराहे पर रविवार देर शाम कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। शादियों के सीजन में बारातें अपने गंतव्य की ओर जा रही थीं, जो इस जाम में फंस गईं। इससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह से ठप हो गया।

स्थानीय पुलिस ने जाम खुलवाने के लिए लगातार प्रयास किए, लेकिन कम पुलिसकर्मियों की संख्या और बढ़ती भीड़ के कारण स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। कई घंटों की मशक्कत के बाद जाम खुल सका। इस जाम से केवल बाराती ही नहीं, बल्कि नोएडा, दिल्ली, लखनऊ, कानपुर और बुलंदशहर सहित अन्य शहरों को जाने वाले यात्रियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। अन्य राहगीरों के लिए भी यात्रा करना मुश्किल हो गया था।

स्थानीय निवासियों त्रिलोक नागर और गोविंद नागर समेत यात्रियों ने अधिकारियों से मांग की है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए निर्माणाधीन पुल का काम जल्द पूरा कराया जाए।

# नोएडा में 1.70 करोड़ की ठगी करने वाला गिरफ्तार

## खुद को सीबीआई अफसर बताकर पैसे मांगे थे, गैंग में शामिल अन्य की तलाश

**नोएडा।** डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने वाले लोगों को खाता प्रोवाइड कराने वाले एक ठग को गिरफ्तार किया। इसके लिए ठग को खाते में आई रकम का 10 प्रतिशत मिलता था। साइबर पुलिस ने दिल्ली से दीपक को गिरफ्तार किया है। इसके खाते में डिजिटल अरेस्ट कर 1.70 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में पैसा ट्रांसफर किया गया था। इस मामले में तीन साइबर ठग पहले की गिरफ्तार हो चुके है।




16 सितंबर को थाना साइबर क्राइम नोएडा में एक मुकदमा दर्ज किया गया। जिसमें साइबर अपराधियों ने पीड़ित को डिजिटल अरेस्ट किया और स्वयं को सीबीआई अधिकारी बताते हुए यह कहकर डराया किया गया कि आपके मोबाइल फोन का प्रयोग नरेश गोयल स्कैम में अवैध गतिविधियों के लिए हुआ है। इसी बहाने वीडियो कॉल के माध्यम से डिजिटल अरेस्ट कर उसे गिरफ़्तारी का डर दिखाते हुए 1 करोड़ 70 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई। बैंक खातों को तत्काल फ्रीज कराया गया।

बदमाशों ने बताया कि उसके बैंक खाते में ठगी की धनराशि प्राप्त होती थी, जिसे वह अपने साथियों के साथ मिलकर एटीएम के माध्यम से निकाल लेते थे।

इसके बदले उसे लगभग 10 प्रतिशत कमीशन मिलता था। यह भी स्वीकार किया कि वह अपना बैंक खाता किराए पर अन्य लोगों को उपलब्ध कराता था। घटना में प्रयुक्त बैंक खाते के विरुद्ध एनसीआरपी पोर्टल पर विभिन्न राज्यों से कुल 03 शिकायतें दर्ज हैं। अभियुक्त दीपक के खाते में एक लाख रुपए आए थे।

# ग्रेटर नोएडा में पहली इंटर स्कूल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता

## जेवर के ऑक्सफोर्ड स्कूल ने जीती चैंपियन ट्रॉफी, शैफाली को 26-13 से हराया

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दादरी स्थित आरवी नॉर्थलैंड इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को पहली इंटर स्कूल स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण कबड्डी मुकाबले रहे, जिसमें जेवर के ऑक्सफोर्ड स्कूल पीपलका की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप अपने नाम कर ली।



प्रतियोगिता के फाइनल में ऑक्सफोर्ड स्कूल की टीम का सामना शैफाली स्कूल से हुआ। मैच के पहले ही मिनटों में ऑक्सफोर्ड के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल और आक्रामक रणनीति का प्रदर्शन किया। उन्होंने खेल की शुरुआत से ही बढ़त हासिल कर ली और इसे अंत तक बनाए रखा। इसके चलते शैफाली स्कूल को 26-13 के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ ऑक्सफोर्ड स्कूल ने चैंपियन ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया।

टीम के कोच सुभाष नागर ने खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और सामूहिक खेल की जमकर तारीफ की। उन्होंने बताया कि टीम ने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और फाइनल मुकाबला लगभग एकतरफा रहा। कोच के अनुसार, खिलाड़ियों ने रणनीति और फुर्ती के दम पर मैच में अपनी बढ़त बनाए रखी।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य स्कूलों के खिलाड़ी भी अपने-अपने स्तर पर शानदार खेल दिखाते रहे। आयोजकों ने प्रत्येक टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और प्रतियोगिता के दौरान सभी को खेल भावना का पालन करने का संदेश दिया।

विजेता टीम के खिलाड़ियों में जीत के बाद उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। विजेता टीम को स्कूल प्रशासन और दर्शकों ने मिलकर बधाई दी। स्कूल के प्रधानाचार्य ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ ही टीम भावना और अनुशासन का विकास करती हैं।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य न केवल स्कूलों के बीच प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना था, बल्कि छात्रों में खेल कौशल और सामूहिक प्रदर्शन की भावना को भी मजबूत करना था। प्रतियोगिता के दौरान दर्शकों ने भी जबरदस्त उत्साह दिखाया और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

आरवी नॉर्थलैंड इंटरनेशनल स्कूल ने इस तरह की प्रतियोगिताओं को नियमित रूप से आयोजित करने की योजना बनाई है, जिससे बच्चे खेलों में और भी अच्छा प्रदर्शन कर सकें। इस मौके पर खेल अधिकारियों, शिक्षकों और अभिभावकों की उपस्थिति भी रही, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

ऑक्सफोर्ड स्कूल की टीम की जीत ने प्रतियोगिता को यादगार बना दिया। उनके अनुशासन, सामूहिक खेल और आक्रामक रणनीति ने सभी को प्रभावित किया। प्रतियोगिता के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विजेता टीम को ट्रॉफी और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

# ग्रेटर नोएडा में किसानों ने महापंचायत की तैयारी की

## जीरो पॉइंट पर जुटेंगे आसपास के जिलों के किसान



**जेवर।** भारतीय किसान यूनियन की प्रस्तावित महापंचायत की तैयारियों को लेकर रविवार को ग्रेटर नोएडा के परी चौक स्थित झंडे वाले मंदिर के पास एक पंचायत आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता बेगराज प्रधान ने की, जबकि रॉबिन नागर और सुनील प्रधान ने संचालन किया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने बताया कि किसानों की आबादी निस्तारण, बैक लीज, किसान कोटे के प्लॉट, युवाओं को रोजगार और जेवर एयरपोर्ट विस्थापन नीति जैसी समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं। इन्हीं समस्याओं के समाधान के लिए राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने 22 दिसंबर को जीरो पॉइंट पर महापंचायत का ऐलान किया है। मेरठ मंडल महासचिव अनित कसाना ने जानकारी दी कि कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर किसानों को महापंचायत के लिए एकजुट कर रहे हैं। इस महापंचायत में आसपास के सभी जिलों के किसान शामिल होंगे।

# शार्ट न्यूज

## राकेश टिकैत महापंचायत में होंगे शामिल

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के जीरो पॉइंट पर 22 दिसंबर 2025 को होने वाली भारतीय किसान यूनियन की महापंचायत की तैयारियों को लेकर एक बैठक हुई। यह पंचायत परी चौक के पास झंडे वाले मंदिर पर आयोजित की गई, जिसमें महापंचायत की रणनीति तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता बेगराज प्रधान ने की, जबकि रॉबिन नागर और सुनील प्रधान ने इसका संचालन किया। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने किसानों की समस्याओं के समाधान न होने पर 22 दिसंबर को महापंचायत का ऐलान किया था। पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना ने बताया कि लंबे समय से किसानों की आबादी निस्तारण, बैकलीज, किसान कोटे के प्लॉट और युवाओं को रोजगार जैसी समस्याएं लंबित हैं। इसके अतिरिक्त, जेवर एयरपोर्ट विस्थापन नीति में बदलाव की मांग भी की जा रही है। टिकैत ने आगरा, मथुरा, अलीगढ़ और गौतम बुद्ध नगर के किसानों के साथ बैठक के बाद यह निर्णय लिया। मेरठ मंडल महासचिव अनित कसाना ने कहा कि महापंचायत के ऐलान के बाद अब गांव-गांव जाकर किसानों को जीरो पॉइंट पर इकट्ठा करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान हो सके।

## कड़ाके की ठंड : गौतमबुद्धनगर में शीतलहर की चेतावनी, जिला प्रशासन ने की एडवाइजरी जारी

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने शीतलहर और ठंड से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी की है। जिसमें लोगों को गर्म कपड़े पहनने, हीटिंग उपकरणों का सुरक्षित उपयोग करने और बुजुर्गों व बच्चों की विशेष देखभाल करने की सलाह दी गई है। जिलाधिकारी मेधा रूपम द्वारा जनपद वासियों को भीषण शीतलहर/ठंड से बचाव के लिए नागरिकों से शीत लहर के दौरान सुरक्षित रहने और आवश्यक सावधानी बरतने का आग्रह किया गया है। बता दे कि जिला प्रशासन की जारी की गई एडवाइजरी में कहा गया है कि संचार माध्यम से मौसम की जानकारी लेते रहें ताकि शीत लहर की संभावना की जानकारी हो। हीटिंग उपकरणों का सुरक्षित उपयोग करे, कोयले की अंगीठी, मिट्टी तेल का चूल्हा, हीटर, ब्लोवर का उपयोग करते समय अत्यधिक सावधानी बरतें। कमरे में हवा का वेंटिलेशन बनाए रखें ताकि जहरीला धुआँ इकट्ठा न हो। सोते समय सिगड़ी, अलाव, अंगीठी को बुझाकर सोएं ताकि आग लगने का से बचा जा सके और बंद स्थानों पर इन्हें जलाने से बचें।

## पांच हजार परीक्षार्थियों ने छोड़ी ईपीएफओ की परीक्षा

**नोएडा।** संघ लोक सेवा आयोग की ओर से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) में प्रवर्तन अधिकारी/लेखा अधिकारी (ईओ/एओ) और सहायक भविष्य निधि आयुक्त (एपीएफसी) पदों के लिए संयुक्त भर्ती परीक्षा रविवार को जिले के 16 केंद्रों पर हुई। 7618 में से महज 2649 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। 4969 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा सुबह 9:30 से 11:30 बजे की पाली में कराई गई। 230 पदों (ईओ/एओ के 156 और एपीएफसी के 74 पद) के लिए परीक्षा में 7618 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें से 2649 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 4969 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। इसके लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट और लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर की तैनाती की गई थी। लिखित परीक्षा 120 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों की थी जिसमें गलत उत्तरों के लिए नेगेटिव मार्किंग (0.83 अंक) थी। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि परीक्षा के लिए हबीबपुर गांव स्थित पंडित सालाग्राम इंटर कॉलेज, ग्रेटर नोएडा के गामा-दो स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल, रोजा जलालपुर गांव स्थित ब्लूम इंटरनेशनल स्कूल और सेक्टर-12 स्थित गर्वमेंट इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया था।

## कर्मचारी के खाते से 5.81 लाख निकाले

**नोएडा।** साइबर अपराधियों ने एपीके फाइल भेजकर फर्नीचर की दुकान पर काम करने वाले कर्मचारी से पांच लाख 81 हजार रुपये की ठगी कर ली। आरोपियों ने पीड़ित का मोबाइल हैक कर जालसाजी की। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। बुलंदशहर के अगौता निवासी मुस्तकीम ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में वह ग्रेटर नोएडा के शाहबेरी गांव में रहते हैं। यहीं पर वह फर्नीचर मार्केट में एक फर्नीचर की दुकान पर काम करते हैं। इसी साल 29 अगस्त को उनके व्हाट्सऐप पर अनजान व्यक्ति ने मैसेज किया। मैसेज में एपीके फाइल थी। उन्होंने उसको खोलकर पढ़ा तो करीब आधे घंटे बाद उनके मोबाइल पर खाते से रुपये कटने के एक-एक करके छह मैसेज आए। लगातार मैसेज आने पर मुस्तकीम ने जब मोबाइल को चेक किया तो पता चला कि उनके खाते से पांच लाख 81 हजार रुपये निकल गए हैं। ठगों ने एपीके फाइल भेजकर पीड़ित के मोबाइल में सेंध लगाई। मोबाइल हैक कर सारे एक्सेस ठगों ने अपने पास ले लिए और पीड़ित के खाते से रकम अन्य खातों में ट्रांसफर कर ली। ठगी के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत एनसीआरपी पोर्टल और साइबर क्राइम थाने की पुलिस से की।

## जिले में 59 केंद्रों पर होगी यूपी बोर्ड की परीक्षा

**नोएडा।** जिले में यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड की वर्ष 2026 में होने वाली परीक्षा 59 केंद्रों पर होगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने रविवार को केंद्रों की सूची जार कर दी। केंद्रों के संबंध में छात्र, अभिभावक, प्रधानाचार्य और प्रबंधकों से चार दिसंबर तक आपत्तियां मांगी गई हैं। आपत्तियों का निस्तारण के बाद केंद्रों की सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। जिले में 10वीं और 12वीं यूपी बार्ड की परीक्षा के लिए 42 हजार 674 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। परीक्षा केंद्रों के चयन के लिए एक माह पूर्व माध्यमिक शिक्षा परिषद के आदेश पर प्रक्रिया शुरू की गई थी। नकलविहीन एवं सकुशल परीक्षा कराने के लिए मानक भी निर्धारित किए गए। विद्यालयों की अवस्थापना संबंधी भौतिक सत्यापन युक्त विविध सुविधाओं एवं आधारभूत सूचनाओं को परिषद की वेबसाइट पर 10 नवंबर तक प्रधानाचार्य द्वारा अपलोड कराया गया। आधारभूत सूचनाओं तथा जियो लोकेशन का भौतिक सत्यापन डीएम द्वारा गठित तहसील स्तरीय समिति के माध्यम से 17 नवंबर तक कराया गया।। 24 नवंबर को तहसील स्तरीय समिति की रिपोर्ट को जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से ऑनलाइन परिषद की वेबसाइट पर अपलोड कराया गया।

# दहेज प्रथा के विरोध में अनोखा संदेश : सादगी भरा विवाह बना चर्चा का विषय



**नोएडा।** अट्टा गाँव, नोएडा में आयोजित एक प्रेरणादायक विवाह समारोह ने पूरे क्षेत्र में मिसाल कायम की है। इस विवाह ने दहेज प्रथा के खिलाफ समाज को मजबूत संदेश दिया और सादगी तथा समानता की खूबसूरत झलक पेश की।

नोएडा निवासी अवाना परिवार ने अपने पुत्र शादी बिना दहेज़ करने का संकल्प लिया जिसमें दूल्हे के पिता शिब्बू अवाना व उनके भाइयों बिरजू अवाना, प्रमेन्द्र अवाना ने परिवार के पुत्र अनुग अवाना और पुत्रवधू अनुष्का अवाना का विवाह पूरी तरह पारंपरिक रीतिङ्करिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ, लेकिन बिना किसी दिखावे और दहेज के। दोनों परिवारों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच घोषणा की कि समाज में दहेज जैसी कुरीतियों को समाप्त करने की शुरुआत घर से ही होनी चाहिए। गाँव और आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने विवाह में शामिल होकर इस पहल का स्वागत किया। कार्यक्रम में शामिल गणमान्य लोगों ने कहा कि विवाह में खर्चे और तड़क-भड़क बढ़ती सामाजिक समस्या है और ऐसे उदाहरण समाज में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग बनाते हैं। वर-वधू ने भी सभी युवाओं से अपील की कि शादी को बोझ नहीं बल्कि खुशियों और सम्मान के साथ मनाया जाए। इस पहल को स्थानीय लोगों द्वारा भविष्य के लिए प्रेरणादायक कदम बताया जा रहा है।

# मृतक आश्रित कोटे से भर्ती दरोगाओं/ इंस्पेक्टरों को मिलेगा ट्रेनिंग पीरियड का पूरा वेतन

## वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम की दलील पर हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

**प्रयागराज-इलाहाबाद।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश पुलिस के मृतक आश्रित कोटे के तहत वर्ष 2010-11 बैच में भर्ती हुए दरोगाओं और इंस्पेक्टरों के पक्ष में बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने आदेश दिया है कि इन पुलिसकर्मियों को ट्रेनिंग अवधि का पूरा वेतन, सातवें वेतन आयोग के सभी लाभ (पुनरीक्षित वेतनमान), एरियर सहित प्रदान किए जाएं और उनकी ट्रेनिंग अवधि को सेवा अवधि में जोड़कर वेतनवृद्धि-प्रमोशन के लाभ भी दिए जाएं।

### दो माह में आदेश पालन करने के निर्देश

जस्टिस अजीत कुमार की एकल पीठ ने निर्देशित किया है कि अपर पुलिस महानिदेशक (कार्मिक एवं स्थापना), डीजीपी मुख्यालय, लखनऊ दो माह के भीतर नियम एवं कानून के तहत आवश्यक आदेश पारित करें। यह निर्देश रामचन्द्र दूबे बनाम राज्य सरकार मामले में 61 पुलिस इंस्पेक्टरों द्वारा सामूहिक रूप से दायर याचिका पर दिया गया। अदालत ने यह भी कहा कि आदेश स्पेशल अपील संख्या



169/2020 — आलोक कुमार सिंह व अन्य बनाम उत्तर प्रदेश सरकार में 08.09.2021 को दिए गए निर्णय के अनुरूप ही पारित किए जाएँ।

### याचियों का आरोप — स्टाइपेण्ड दिया गया, वेतन नहीं

याचिका में कहा गया कि— समकक्ष बैच के अन्य दरोगा/इंस्पेक्टरों को ट्रेनिंग अवधि का पूरा वेतन और भत्ते दिए गए, जबकि मृतक आश्रित कोटे से चयनित इन याचियों को केवल स्टाइपेण्ड प्रदान किया गया, उनकी ट्रेनिंग अवधि को सेवा रिकॉर्ड में भी नहीं जोड़ा गया, जिसके कारण उन्हें वेतनवृद्धि और प्रमोशन में नुकसान हुआ। वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम ने अदालत के समक्ष दलील दी कि यह व्यवहार समानता के अधिकार का



उल्लंघन है और यह कि हाईकोर्ट पहले ही समान मामले (आलोक कुमार सिंह केस) में सिद्धान्त निर्धारित कर चुका है कि सीधी भर्ती और मृतक आश्रित— दोनों को ट्रेनिंग अवधि का पूरा वेतन मिलना चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट ने भी खारिज की थी राज्य की एसएलपी

राज्य सरकार ने आलोक कुमार सिंह मामले में हाईकोर्ट के निर्णय के विरुद्ध एसएलपी दाखिल की थी, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। इसके बाद 29 मार्च 2022 को सरकार ने आदेश जारी कर समकक्ष दरोगाओं/इंस्पेक्टरों को ट्रेनिंग अवधि का वेतन स्वीकृत कर दिया था। याचियों का कहना था कि समकक्ष अधिकारियों को लाभ देने के बावजूद उनके साथ सौतेला व्यवहार करते हुए अभी तक कोई लाभ नहीं दिया गया।

### लालबाबू शुक्ला केस का हवाला

याचियों ने हाईकोर्ट के ही लालबाबू शुक्ला व अन्य मामले का हवाला देते हुए कहा कि कोर्ट ने स्पष्ट किया है— ट्रेनिंग अवधि जोड़कर प्रमोशनल पे-स्केल और वेतनवृद्धि दी जानी चाहिए।

### अदालत का स्पष्ट आदेश

हाईकोर्ट ने कहा कि— ट्रेनिंग अवधि का पूरा वेतन व भत्ते दें, ट्रेनिंग अवधि सेवा अवधि में जोड़ें, सातवें वेतन आयोग के सभी लाभ, एरियर सहित दें, दो माह में नियमानुसार निर्णय लेकर आदेश जारी करें।

### निष्कर्ष

इलाहाबाद हाईकोर्ट का यह आदेश उत्तर प्रदेश पुलिस के हजारों मृतक आश्रित कोटे के तहत नियुक्त कर्मियों के लिए राहत लेकर आया है। निर्णय के बाद अब सभी प्रभावित अधिकारियों को वेतन, एरियर, वेतनवृद्धि और सेवा-लाभ मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

# यातायात माह नवम्बर 2025 का समापन

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी और छात्र सम्मानित






**पीलीभीत।** यातायात माह नवम्बर 2025 का समापन समारोह रविवार को पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए माह भर विभिन्न स्तरों पर काम करने वाले पुलिसकर्मियों और प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। समापन कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने यातायात जागरूकता पर अपने विचार साझा किए और निबंध, चित्रकला, क्विज सहित अन्य प्रतियोगिताओं में चयनित प्रतिभागियों को मंच पर सम्मानित किया गया। इसी तरह माह भर विभिन्न क्षेत्रों में प्रवर्तन कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को भी प्रशस्ति चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया गया।यातायात माह के दौरान स्कूलों, कॉलेजों, एनसीसीङ्कएनएसएस इकाइयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार जागरूकता अभियान चलाए गए। पुलिस टीम ने 54 से अधिक शिक्षण संस्थानों में पहुंचकर लगभग आठ हजार छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी।

शहर व ग्रामीण इलाकों में नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठी और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से हजारों नागरिकों को यातायात संकेतों और सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गई। गांधी स्टेडियम प्रदर्शनी में भी बड़ी संख्या में लोग जागरूक हुए। इसके अलावा ट्रक, ट्रैक्टर और ऑटो चालकों को प्रतिदिन नियमों की जानकारी दी गई और वाहनों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगवाने का अभियान भी लगातार चलाया गया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी यातायात संदेशों का प्रचारङ्कप्रसार किया गया। विभिन्न समाचार पत्रों के माध्यम से प्रतिदिन लोगों को यातायात नियमों और वाहन रख-रखाव से जुड़े आवश्यक सुझाव दिए गए। पब्लिसिटी वैन द्वारा भी शहर के प्रमुख मार्गों पर व्यापक प्रचार किया गया।

प्रवर्तन की बात करें तो पूरे माह के दौरान नियम तोड़ने वालों के खिलाफ बड़ी संख्या में कार्रवाई हुई। बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट, अवैध रूप से तीन सवारी, बिना ड्राइविंग लाइसेंस और गलत दिशा में वाहन चलाने जैसी विभिन्न श्रेणियों में कुल 10 हजार से अधिक चालान किए गए। इस दौरान 17 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया। शराब या नशे में वाहन चलाने, मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने तथा मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने वाले चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई और कई बुलेट बाइक सीज की गईं। न्यायालय और ऑनलाइन माध्यम से भी बड़ी संख्या में जुर्माना जमा किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से अपील की गई कि सड़क पर सुरक्षा का पालन केवल नियमों की मजबूरी नहीं, बल्कि जीवन बचाने का सबसे सरल तरीका है।

# जौनपुर में सिपाही के भाई को पीट-पीटकर मार डाला

▸ 12 बदमाशों ने लात-घूसे बरसाए, डेढ़ साल पहले शादी, 6 महीने का है बेटा

**जौनपुर।** जौनपुर में नकाबपोश बदमाशों ने सिपाही के भाई की पीट-पीटकर हत्या कर दी। 12 बदमाशों ने उसे घेरकर पीटना शुरू कर दिया। युवक चिल्लाता रहा, मदद की गुहार लगाता रहा, लेकिन कोई भी उसे बचाने की हिम्मत नहीं जुटा पाया।

आरोपियों ने उसे लात-घूंसों से पीटा। ईंट उठाकर उसके सिर पर मारी। वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। इसके बाद आरोपी फरार हो गए। वहां मौजूद लोगों ने परिजनों को सूचना दी। परिजन उसे अस्पताल ले गए।वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

युवक की मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने सड़क पर जाम लगा दिया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। 20 मिनट बाद पुलिस ने कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला केराकत कोतवाली क्षेत्र के बेलाव बाजार का है। हत्या की वजह अभी सामने नहीं आ सकी है।

बेलाव इलाके के रहने वाले रोहित यादव (28) की शादी डेढ़ साल पहले हुई थी। 6 महीने पहले उनकी पत्नी शशिकला ने बच्चे को जन्म दिया था। रोहित के तीन भाई और एक बहन है। बड़े भाई दीपक की किराने की दुकान है। छोटा भाई देवेश यादव, यूपी पुलिस में सिपाही है। वह बाराबंकी में तैनात है। छुट्टी पर घर आया है। बहन पूजा की शादी नहीं हुई है। मां सरोज देवी गृहिणी हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, रोहित यादव रविवार दोपहर बेलाव बाजार में मोबाइल टावर पर ड्यूटी करने गए थे। 12 हमलावर मौके पर पहुंचे। रोहित को घेरकर लात-घूंसों और ईंट-पत्थरों से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। लहूलुहान हालत में पड़े युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुक्तिगंज ले जाया गया।

# फतेहपुर में पत्नी की हत्या कर पति थाने पहुंचा

**फतेहपुर।** फतेहपुर में पति ने अफेयर के शक में पत्नी की हत्या कर दी। शनिवार रात दोनों के बीच झगड़ा हुआ। गुस्से में पति ने सब्बल उठाया और पत्नी के सिर पर मार दिया। उनका 7 साल का बेटा मां के बगल में सो रहा था। रविवार सुबह पति खुद थाने पहुंचा। पुलिसवालों से बोला- मैंने पत्नी की हत्या कर दी है। घर में शव पड़ा है। यह सुनकर पुलिस पति को साथ लेकर उसके घर पहुंची। महिला का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। साथ ही गांववालों और घरवालों से पूछताछ की। मामला राधा नगर थाना क्षेत्र का है। मूलरूप से गांव रमवा मे रहने वाले अजय सिंह (38) की 14 साल पहले शिखा सिंह (32) से शादी हुई थी।

पिछले डेढ़ महीने से वह पत्नी और बच्चों के साथ झाऊपुर वार्ड में किराए के मकान में रह रहा था। शनिवार रात अजय का अपनी पत्नी शिखा से झगड़ा हो गया। गुस्से में अजय ने शिखा के सिर पर सब्बल मार दिया। इससे उसकी मौत हो गई। रात भर उसका शव कमरे में ही पड़ा रहा।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**पीलीभीत।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की वर्ष 2025 की 11वीं बैठक गांधी सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास ने की। इस दौरान पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों की विभागवार समीक्षा की गई और सड़क सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

राष्ट्रीय राजमार्ग बरेली के अवर अभियंता ने बताया कि बीसलपुरङ्कबरेली मार्ग की पटरी पर बाढ़ में बह चुकी मिट्टी का पुनर्भरण कर दिया गया है। साथ ही 7 मीटर चौड़ी सड़क को 10 मीटर तक चौड़ा करने के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। स्वीकृति मिलते ही चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ होगा। पूरनपुर मार्ग पर हरदोई ब्रांच नहर पुल का निर्माण भी पूरा कर दिया गया है और पुल को आम जनता के लिए खोल दिया गया है, जिससे जाम की समस्या समाप्त हो गई है।




इसी क्रम में असम चौराहे पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर की प्रगति पर भी चर्चा हुई। फ्लाईओवर फरवरी 2026 तक पूरा करने की समयसीमा बताई गई।

निर्माण में देरी पर नाराजगी जताते हुए समयसीमा के भीतर कार्य हर हाल में पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही निर्माण स्थल पर उड़ रही धूल से लोगों को होने वाली परेशानी को देखते हुए प्रतिदिन पानी का छिड़काव कराने के निर्देश भी दिए गए।लोक निर्माण विभाग ने जानकारी दी कि केंचुआ पुल और बमरौली तिराहा ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित हैं। बमरौली तिराहा पर सुधार कार्य हो चुका है, जबकि केंचुआ पुल पर 100 मीटर क्षेत्र में सुधार कार्य वन विभाग की आपत्तियों के कारण रुका है। सीडीओ ने पीडब्ल्यूडी और डीएफओ के बीच बैठक कर समस्या के समाधान के निर्देश दिए।पूरनपुरङ्कटनकपुर मार्ग का नया बाईपास भी संचालन के लिए तैयार बताया गया। इसके उद्घाटन से पहले सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी व्यवस्थाएँ रोड साइनेज, कैट्स आइ, प्रकाश व्यवस्था और खतरनाक मोड़ों पर आवश्यक संकेतक लगाने के निर्देश दिए गए।

# नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को भेजा जेल

**बीसलपुर।** नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह अपनी पत्नी के साथ एक शादी में गया था घर पर उसकी 17 वर्षीय बेटी थी वह अपने भतीजे और उसकी पत्नी से घर की रखवाली के लिए कह गया था उसी दौरान रात के समय गांव निवासी अरविंद पुत्र सुखलाल घर में घुस आया और उसकी बेटी के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए जबरन दुष्कर्म किया चीख-पुकार सुनकर भतीजा



और उसकी पत्नी मौके पर पहुंचे तब तक आरोपी फरार हो गया पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी और आरोपी को 24 घंटे के अंदर जंगल के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

प्रभारी निरीक्षक गौतम सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## लखनऊ रोडवेज करेगा 190 महिला परिचालकों की भर्ती

**लखनऊ।** लखनऊ रोडवेज में बड़े पैमाने पर महिला सशक्तिकरण की दिशा में अहम कदम उठाया जा रहा है। परिक्षेत्र में पहली बार 190 महिला परिचालकों की संविदा भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए 3 दिसंबर को सनमार्ग स्थित क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में रोजगार मेला लगाया जाएगा। इसके साथ ही 1 और 2 दिसंबर को 120 संविदा चालकों की भर्ती भी की जा रही है। रोडवेज की इस सामूहिक भर्ती प्रक्रिया को बस सेवाओं के विस्तार और महिला भागीदारी को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। लखनऊ परिक्षेत्र में महिला परिचालकों की लंबे समय से कमी महसूस की जा रही थी।

# प्रोजेक्ट नई किरण ने एक परिवार का कराया पुनर्मिलन




**ललितपुर।** पुलिस लाइन सभागार में पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया, जिसमें नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझाने के बाद एक परिवार में आपसी सुलह के आधार पर समझौता कराया गया। एक परिवार खुशी – खुशी साथ –साथ रहने को तैयार हो गये एवं आपस में मिठाई खिलाकर रिस्तों की मिठास का दिया संदेश व 05 मामलों में अग्रिम तिथि दी गई।

नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारों को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी, नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है ।

# आगरा पुलिस ने 24 घंटे में 45 अपराधी किए गिरफ्तार

**आगरा** ।आगरा पुलिस कमिश्नरेट ने 28 नवंबर को गैर जमानती वारंट में फरार अपराधियों को लेकर अभियान चलाया था। इस अभियान में पुलिस ने 24 घंटे में 45 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार के अनुसार ये अभियान जारी रहेगा। इसके लिए अलग-अलग टीम लगाई गई है। जिससे शहर की कानून व्यवस्था मजबूत हो।

शहर में कई थानों के गैर जमानती वारंटी पुलिस की पकड़ से फरार चल रहे थे। इसके लिए पुलिस इन अपराधियों को पकड़ने के प्रयास में लगी थी। लेकिन इनका पता नहीं चल रहा था। आगरा पुलिस ने जीरो टॉलरेन्स अपराध नीति के चलते आगरा के सभी थानों की एक टीम का गठन किया गया।

इसमें सर्विलांस टीम के साथ अपने मुखबिरों को अलर्ट कर दिया था। इसके बाद आगरा पुलिस ने एक गैर जमानती वारंटियों को लेकर अभियान चलाया। मुखबिरों की सुचना मिलने के बाद पुलिस ने 24 घंटे के अंदर 45 गैर जमानती वारंटियों को पकड़ लिया है।

# ललितपुर पुलिस ने छात्राओं महिलाओं को किया जागरूक

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के अंतर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की ।आपात स्थिति में सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर्स। 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076



मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन , 181 महिला हेल्पलाइन , 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन साइबर अपराध से बचाव के लिए निम्न जानकारियाँ दी गई। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें । कभी भी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल, ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें ।सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते ।किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे फोरवर्ड व शेयर न करें ।अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें ।कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें ।प्लेस्टोर से जैनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, प्लेस्टोर के अलावा कहीं से भी ऐप डाउनलोड न करें ।

महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शासन द्वारा चलाये जा रही योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, वन स्टाप सेन्टर, आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी ।

# देवरिया में चप्पल पर थूककर चटवाया, बेल्ट से पीटा

**देवरिया।** देवरिया में चार लड़कों ने एक युवक को लात-घूसों से पीटा। बेल्ट से भी मारा। चप्पल पर थूककर उसे चटवाया। पीड़ित हाथ जोड़कर छोड़ने की गुहार लगाता रहा, लेकिन आरोपी नहीं माने। उन्होंने घटना का वीडियो भी बनाया और सोशल मीडिया पर डाल दिया।

इतना ही नहीं, मारपीट के बाद आरोपियों ने रात में पीड़ित के घर पर हमला कर दिया। घर पर पत्थर चलाए। गेट तोड़ने की कोशिश की। पुलिस के पहुंचने पर आरोपी फरार हो गए।

घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के गोबराई खास गांव में 29 नवंबर को हुई, लेकिन इसका वीडियो आज सामने आया। युवक की मां ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है।

### जानिए पूरा मामला...

गोबराई खास गांव की रहने वाली महिला ने शिकायत में लिखा- 29 नवंबर को दोपहर 3 बजे मेरा बेटा बाजार जा रहा था। रास्ते में सकरापार और गोबराई गांव के चार लड़कों ने उसे पकड़ लिया। बेटे ने विरोध किया तो उसे पीटना शुरू कर दिया। दबंगों ने बेल्ट और चप्पलों से मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया।

आरोपियों ने चप्पल पर थूककर उसे चटवाया। उन्होंने घटना का वीडियो भी बनाया। घटना से मेरे बेटे की बहुत बदनामी हुई। वह बहुत तनाव में है। घटना के बाद दबंगों ने उसी रात घर पर धावा बोल दिया। मेरे घर के बाहर 6 युवक जमा हो गए। पथराव शुरू कर दिया।

दबंगों ने दरवाजा तोड़ने की कोशिश की। डर के कारण हम लोगों ने खुद को कमरे में बंद कर लिया था। पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर वे फरार हो गए। दो बार हुए हमले से परिवार सहमा है।

## ट्रेन की चपेट में आकर सेना के जवान की मौत

**मेरठ।** मेरठ के कंकरखेड़ा क्षेत्र में रविवार रात ट्रेन की चपेट में आकर सैन्यकर्मी की मौत हो गई। काफी देर बाद शिनाख्त हो सकी, जिसके बाद पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवा दिया। चर्चा है कि सीमा विवाद के चलते काफी देर ट्रैक पर ही पड़ा रहा सैन्यकर्मी का शव। उत्तराखंड कोटद्वार निवासी 48 वर्षीय सकलानंद ध्यानी सेना की 510 आर्मी वर्कशॉप में तैनात थे। रविवार देर शाम वह खरीददारी के लिए बाजार निकले थे। देर रात जब वह वापस घर लौट रहे थे तो कंकरखेड़ा रेलवे लाइन को पार करते वक्त वह एक ट्रेन की चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई। बताया जाता है कि वंदेभारत ट्रेन की चपेट में आने पर यह हादसा हुआ था। जिस जगह यह हादसा हुआ, वह कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में आता है। हादसा होने के बाद कंकरखेड़ा व जीआरपी मौके पर पहुंची लेकिन काफी देर आपस में उलझी रही। बाद में पता चला कि पोल संख्या 72/11 के समीप यह हादसा हुआ है जो कंकरखेड़ा के अंतर्गत आता है। इसके बाद कंकरखेड़ा पुलिस ने शव को मोर्चरी भिजवा दिया।

# शार्ट न्यूज

## टोल प्लाजा के पास सड़क हादसा, तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार को मारी टक्कर

बीसलपुर। बीसलपुर-पीलीभीत हाइवे पर बने टोल प्लाजा के पास चार दिन पहले हुए सड़क हादसे में घायल युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसा उस समय हुआ जब तेज रफ्तार से आ रही कार ने साइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गई। गांव पकड़िया मंगली निवासी नेमचंद्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका बेटा सोनू साइकिल से बाजार गया था। लौटते समय अचानक बीसलपुर की ओर से तेज रफ्तार कार संख्या यूपी 26 एजे 5514 आई और बिना नियंत्रण के सीधे सोनू की साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद कार चालक टोल प्लाज़ा पर लगे बैरियर को तोड़कर फरार हो गया। घायल सोनू को तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर वाहन और चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## अग्रवाल सभा बारातघर से युवक की बाइक चोरी, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

बीसलपुर। शहर के अग्रवाल सभा बारातघर से एक युवक की बाइक चोरी होने की घटना सामने आई है। पीड़ित युवक ने पुलिस से मामले की जांच कर जल्द कार्रवाई की मांग की है।बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव ज्योरहा कल्याणपुर निवासी अंशुल पुत्र राजकुमार गंगवार ने बताया कि वह अपने मामा के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए हीरो स्प्लेंडर (संख्या च 06/6661) से बारातघर पहुंचे थे। बाइक को उन्होंने मुख्य गेट के पास खड़ा किया था। जब कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह बाहर आए, तो बाइक वहां से गायब थी। पीड़ित ने स्वयं काफी तलाश करने की कोशिश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई।पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आस-पास के ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही बाइक और आरोपी का पता लगा लिया जाएगा।

## किशोर लापता, परिजनों में बढ़ती चिंता

### दो दिन से घर नहीं लौटा 16 वर्षीय देवांश

**बीसलपुर।** मोहल्ला रामनगर कॉलोनी निवासी एक किशोर के लापता होने से परिवार में हड़कंप मच गया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़ित विनोद कुमार ने बताया कि उनका बेटा देवांश देव (16 वर्ष), मोहल्ले के ही प्रवल प्रताप (14 वर्ष) के साथ 27 नवंबर की शाम बारात में जाने की बात कहकर घर से निकला था। दोनों किशोर उस दिन से अब तक वापस नहीं लौटे हैं।परिजनों ने रिश्तेदारों और आस-पास के संभावित स्थानों पर काफी खोजबीन की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। परिवार अब दोनों की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित है।पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर दोनों किशोरों की तलाश शुरू कर दी है और आसपास के इलाकों में पूछताछ की जा रही है।

## 25 हजार का इनामी चोर गिरफ्तार

**ललितपुर।** ललितपुर जिले की गिरार पुलिस ने मोबाइल टावरों से कीमती उपकरण चोरी करने के मामले में एक साल से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी चोर को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जिला कारागार भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी मड़ावरा कृष्ण कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। गिरार पुलिस ने मुजफ्फरनगर जिले के मीरापुर थाना क्षेत्र के किथोड़ा गांव निवासी 30 वर्षीय साजिद को पकड़ा। साजिद पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पूछताछ में आरोपी साजिद ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है। यह गिरोह विभिन्न जिलों में लगे मोबाइल टावरों से डिवाइस और अन्य सामान चोरी करता था। चोरी किए गए उपकरणों को अलग-अलग राज्यों में बेचकर लाखों रुपये का मुनाफा कमाया जाता था, जिसे वे आपस में बांट लेते थे। पुलिस ने इस मामले में उसके चार अन्य साथियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

## बरेली में युवक से 9.94 लाख की ठगी

**बरेली।** बरेली में एक युवक साइबर ठगों के बड़े गिरोह का शिकार हो गया। फेसबुक पर दोस्ती का झांसा देकर उसे ऑनलाइन हाई-रिटर्न बिजनेस में निवेश कराने के नाम पर 9.94 लाख रुपये ठग लिए गए। पीड़ित ने साइबर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रेमनगर के एकता नगर निवासी रजत कुमार गुप्ता को फेसबुक पर 'रितिका गोस्वामी' नाम की युवती ने फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी थी। चैटिंग बढ़ी तो रितिका ने रजत का भरोसा जीत लिया और बातचीत व्हाट्सऐप पर शिफ्ट करा ली। कुछ दिनों बाद रितिका ने उसे एक ऑनलाइन हाई-रिटर्न प्लेटफॉर्म से जुड़ने के लिए कहा। 22 जुलाई से 3 नवंबर 2025 तक रजत से लगातार पैसे निवेश कराए जाते रहे। रितिका की ओर से मोटे मुनाफे के फर्जी स्क्रीनशॉट भी भेजे गए, ताकि रजत का भरोसा बना रहे। लेकिन जब रजत ने अपनी राशि निकालने की कोशिश की, तो प्लेटफॉर्म अचानक बंद मिला। रितिका का व्हाट्सऐप नंबर भी ब्लॉक हो चुका था। तब उसे समझ आया कि पूरा मामला साइबर ठगी का है। रजत ने इसकी शिकायत साइबर क्राइम थाना में की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर गिरोह की तलाश शुरू कर दी है।

## हीराकुंड एक्सप्रेस में आतंकवादी होने की सूचना

**झांसी।** दिल्ली से चलकर झांसी आ रही हीराकुंड एक्सप्रेस में आतंकवादी होने की सूचना से हड़कंप मच गया। रेलवे की एक टीम 25 किलोमीटर दूर दतिया स्टेशन पहुंच गई। यहां सूचनाकर्ता और 3 मुस्लिम युवकों को उतार लिया। तलाशी के बाद ट्रेन झांसी पहुंची। यहां पर ट्रेन को घेरकर दोबारा तलाशी ली गई। इस दौरान आरपीएफ, जीआरपी, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉट की टीम ने लगभग आधा घंटे तक बराकी से जांच की। इसके बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। आरपीएफ उप कमांडेंड केएन तिवारी ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि सूचनाकर्ता का तीनों मुस्लिम युवकों से झगड़ा हो गया था। इसलिए उसने गुस्से में आकर आतंकवादी होने की सूचना दे दी थी। जो गलत पाई गई। पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। अमृतसर से विशाखापत्तनम तक जाने वाली ट्रेन क्रमांक 20808 हीराकुंड एक्सप्रेस दिल्ली होते हुए रविवार दोपहर को ग्वालियर पहुंचने वाली थी। तभी 1 बजकर 22 मिनट पर रेलवे कंट्रोल रूम में कॉल आया। कॉल करने वाले व्यक्ति ने बताया कि शक है कि ट्रेन के जरनल कोच में आतंकवादी हैं। अगला रेलवे स्टेशन ग्वालियर है जल्दी आओ।

## मुरादाबाद में खाद्य विभाग की बड़ी कार्रवाई

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा विभाग ने छापेमारी कर बड़ी मात्रा में नकली पनीर और उसे तैयार करने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल बरामद किया। टीम ने मौके से पनीर के सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेज दिए हैं। छापेमारी के दौरान फैक्ट्री से केमिकल, पाउडर, वनस्पति तेल और अन्य रसायन भी मिले, जिनका उपयोग नकली पनीर तैयार करने में किया जा रहा था। फैक्ट्री में भारी गंदगी और अव्यवस्था के बीच उत्पादन किया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा विभाग को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि इस इलाके से नकली पनीर बनाकर आसपास के बाजारों में सप्लाई की जा रही है। शिकायतें सही पाए जाने पर विभाग की टीम ने रविवार को यह कार्रवाई की। छापा पड़ते ही फैक्ट्री संचालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने फैक्ट्री को सील कर दिया है और मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि लैब रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने साफ कहा कि मिलावटखोरों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### गिनी बिसाऊ में इलिडियो विएरा नए प्रधानमंत्री

**बिसाऊ, एजेंसी।** पश्चिमी अफ्रीकी देश- गिनी-बिसाऊ में हालिया चुनाव के कुछ दिनों के भीतर ही तख्तापलट के बाद सेना ने शुक्रवार को इलिडियो विएरा ते को नया प्रधानमंत्री नियुक्त नियुक्त किया है। विएरा ते हटाए गए राष्ट्रपति उमारो सिस्सोको एम्बालो के करीबी सहयोगी हैं। उन्होंने रविवार को हुए राष्ट्रपति चुनाव के दौरान उनके कैंपेन डायरेक्टर के तौर पर काम किया था। देश के नए मिलिट्री लीडर जनरल होर्ता इंटा-आ ने एक आदेश कर उन्हें प्रधानमंत्री नियुक्त करने की घोषणा की है। गौरतलब है कि, बुधवार को राष्ट्रीय चुनावों के तीन दिन बाद सेना ने सत्ता पर कब्जा कर लिया था। अपदस्थ राष्ट्रपति उमारो सिस्सोको एम्बालो पड़ोसी सेनेगल चले गए हैं। इस बीच, विपक्ष ने कहा कि चुनाव में हार से बचने के लिए एम्बालो ने तख्तापलट की साजिश रची थी। सेना के जरिये कर्फ्यू हटाए जाने के बाद राजधानी बिसाऊ में शांति लौट आई है। लोग और गाड़ियां शहर की सड़कों पर घूम रही हैं। मुख्य स्टॉक एक्सचेंज और बाहरी ज़िलों के बाजार, बैंक भी फिर से खुल गए हैं। गिनी-बिसाऊ दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक है।

### ब्रिटेन में कुल प्रवासन घटकर 2.04 लाख पर पहुंचा

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन में कुल प्रवासन जून 2025 तक तेजी से घटकर 2,04,000 रह गया है। देश के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (ओएनएस) के अनुसार यह गिरावट मुख्यत: नए अप्रवासियों में कमी और देश छोड़ने वालों की संख्या में हल्की बढ़ोतरी के कारण हुई। जून 2023 में कुल प्रवासन 9.06 लाख के उच्च स्तर पर था। रिपोर्ट में बताया गया कि जून 2025 तक ईयू और यूके दोनों नागरिक समूहों में शुद्ध बाहर जाने वालों की संख्या अधिक रही। इनमें देश छोड़ने वाले अधिकांश ब्रिटिश नागरिक 35 वर्ष से कम आयु के थे।

### गूगल ने माइक्रोसॉफ्ट के खिलाफ वापस ली शिकायत

**लंदन, एजेंसी।** गूगल ने माइक्रोसॉफ्ट के क्लाउड व्यवसाय के खिलाफ दायर अपनी यूरोपीय यूनियन से प्रतिस्पर्धा रोधी शिकायत वापस ले ली है। यह कदम ऐसे समय आया है, जब यूरोपीय आयोग ने हाल ही में क्लाउड सेक्टर में माइक्रोसॉफ्ट की जांच शुरू की है। गूगल ने पिछले साल आरोप लगाया था कि माइक्रोसॉफ्ट अपने एज्यूर प्लेटफॉर्म पर ग्राहकों को बांधकर प्रतिस्पर्धा घटा रहा है। क्लाउड बाजार में अमेजन 30 फीसदी हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पर है, जबकि माइक्रोसॉफ्ट 20 फीसदी और गूगल 13 फीसदी पर है।

### अफगान सरकार की ईंधन की खपत कम करने की अपील

**काबुल , एजेंसी।** अफगानिस्तान के काबुल में नगर पालिका ने सर्दियों में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए निवासियों से ईंधन की खपत कम करने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा कि छोटे घरों में चलने वाले स्टोव व चूल्हे इसके प्रमुख स्रोत हैं। शहर में प्रदूषण पिछले साल की तुलना में अधिक दर्ज किया गया है, जिससे लोगों की सेहत पर असर पड़ रहा है। विशेषतौर से सुबह और शाम के समय धुआं व धूल आंखों व सांस लेने में परेशानी पैदा कर रहे हैं।

### यूरोप और अमेरिका में बर्ड फ्लू के मामले बढ़े, 3 महीने में 1.6 करोड़ मुर्गियां मारी गई

**बर्लिन, एजेंसी।** यूरोप और उत्तरी अमेरिका में बर्ड फ्लू (हाईली पैथोजेनिक एवियन इन्फ्लुएंजा) तेजी से फैल रहा है। जंगली पक्षियों और मुर्गी फार्मों में तेजी से मामले बढ़ रहे हैं। अमेरिका में 18 नवंबर तक 107 जगहों पर बर्ड फ्लू की पुष्टि हो चुकी है। बर्ड फ्लू के कारण सितंबर से अब तक अमेरिका और कनाडा में करीब 1 करोड़ 60 लाख मुर्गियां मारनी पड़ी हैं। सितंबर से नवंबर तक 26 यूरोपीय देशों में जंगली पक्षियों में 1,443 फ्लू के मामले दर्ज किए गए, जो पिछले साल से 4 गुना ज्यादा और 2016 के बाद सबसे अधिक है। जर्मनी में तीन साल में सबसे ज्यादा मामले सामने आए हैं। वहीं, फ्रांस ने अक्टूबर में ही पूरे देश में हाई अलर्ट घोषित कर दिया था।

### श्रीलंका में चक्रवात 'दित्वाह' : राहत कार्यों के लिए कोलंबो पहुंची एनडीआरएफ टीमें, ऑपरेशन सागर बंधु जारी

**कोलंबो, एजेंसी।** श्रीलंका में चक्रवात 'दित्वाह' तबाही मचा रहा है। शनिवार को यह तूफान तमिलनाडु की तरफ बढ़ रहा है। चेन्नई के दक्षिण में चक्रवात दित्वाह 430 किलोमीटर की दूरी पर है। रविवार सुबह तक इसके उत्तरी तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के दक्षिणी तटवर्ती इलाकों में पहुंचने की आशंका है। बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में यह चक्रवात बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है।

# पाकिस्तान की चाल नाकाम, ऑक्सफोर्ड में बहस से भागकर भारतीयों पर आरोप, खुली पोल



**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑक्सफोर्ड में भारत और पाकिस्तान के प्रतिनिधियों के बीच होने वाली एक बहस रद्द कर दी गई है। इस बहस के रद्द होने का दुनिया के ज्यादातर लोगों को कोई पता नहीं चला। लेकिन झूठे पाकिस्तान को यह कहां बर्दाश्त था। भारत के खिलाफ मिली हर हार को अपनी जीत बनाकर पेश करने वाले पाकिस्तान ने यहाँ पर भी बहस से भागकर इसे जीत बनाने की कोशिश करनी शुरू कर दी। ब्रिटेन स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग ने ट्वीट करके दावा किया कि ऑक्सफोर्ड में होने वाली बहस से भारतीय प्रतिनिधि पीछे हट गए हैं। बाद में भारतीय सुप्रीम कोर्ट के वकील जे साईं दीपक ने पाकिस्तान के इस झूठ का सबूतों के साथ पर्दाफाश कर दिया। पाकिस्तानी उच्चायोग की तरफ से ट्वीट करके कहा गया कि ऑक्सफोर्ट यूनिवर्सिटी में 'भारत की पाकिस्तान नीति एक सुरक्षा नीति के रूप में बेची गई जनप्रिय रणनीति है।' नामक शीर्षक पर बहस होनी थी, लेकिन भारतीय वक्ता अंतिम समय पर इस बहस से पीछे हट गए। पाकिस्तानी उच्चायोग ने इस बहस के लिए भारत की तरफ से जिन वक्ताओं के नाम बताए उनमें पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवाणे, सुब्रमण्यम स्वामी और राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट का नाम था। वहीं, पाकिस्तान की तरफ से पूर्व विदेश मंत्री हिना रब्बानी खार, ब्रिटेन में पाकिस्तान के उच्चायुक्त मोहम्मद फैसल और पाकिस्तानी सेना के पूर्व जनरल जुबैर महमूद हयात शामिल थे।

**जे साईं दीपक ने खोली पोल :** पाकिस्तान के ब्रिटेन स्थित हाईकमीशन द्वारा फैलाए जा रहा यह झूठ जब तक दुनिया तक पहुंचता उससे पहले भी भारतीय सुप्रीम कोर्ट के वकील जे साईं दीपक ने इसकी बखियां उधेड़ दीं। उन्होंने पाकिस्तानी दावों का खंडन सबूतों के साथ किया। उन्होंने कहा ऑक्सफोर्ड द्वारा भेजी गई अपनी भागीदारी की पुष्टि वाली ईमेल को भी साझा करते हुए लिका कि उनके साथ पूर्व सेना प्रमुख नरवाने और स्वामी भी भारतीय पक्ष की तरफ से वक्ता थे। उन्होंने लिखा, 'पाकिस्तानी लोग ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी को भी गड़बड़ कर देते हैं और हमेशा की तरह इस बार भी वह सच बोलने की ताकत नहीं रखते। दीपक ने कहा, 'इस ईमेल के बाद यूनिवर्सिटी की तरफ से बताया गया कि नरवाने और स्वामी इस कार्यक्रम में नहीं आ सकते हैं। उन्होंने मुझसे कोई नए नाम भेजने के लिए कहा। लेकिन जब तक मैं विकल्प भेज पाता उससे पहले ही मुझे बताया गया कि इस बहस के लिए सुहेल सेठ और राज्य सभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी से संपर्क किया गया है और उन्होंने शामिल होना स्वीकार किया है। मुझे लगा की ठीक है मामला खत्म हुआ। लेकिन इसके बाद मुझे बताया गया कि दोनों ने एक दम से नोटिस देने की वजह से इस कार्यक्रम में शामिल होने से इनकार कर दिया है।'

**प्रियंका चतुर्वेदी ने भी की पुष्टि :** प्रियंका चतुर्वेदी ने भी सोशल मीडिया पर इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि उन्हें जुलाई में ही इसका आमंत्रण मिल गया था लेकिन उसके बाद कोई संपर्क नहीं किया गया। इसलिए मैंने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। लेकिन हाल ही में एक दम उनका फोन आया। इसलिए उन्होंने इनकार कर दिया। दीपक अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि इसके बाद भी अंतिम समय पर मैं लंदन पहुंच कर बहस में शामिल होने के लिए तैयार था। यहां पर उन्होंने मनु खजूरिया और पंडित सतीश शर्मा के साथ मिलकर एक टीम भी तैयार कर ली। लेकिन बहस के तीन घंटे पहले उन्हें बताया गया कि बहस रद्द कर दी गई है क्योंकि पाकिस्तानी दल लंदन पहुंचा ही नहीं है। दीपक ने लिखा, 'इस बात में मैं गुस्सा था, क्योंकि इसमें काफी मेहनत लगी थी।' इतना ही नहीं दीपक ने सबूत के तौर पर इस पूरी बहस के आयोजक मूसा हरराज की कॉल लॉग भी साझा की।

**पाकिस्तान को दी चुनौती :** इसके बाद दीपक ने पाकिस्तान की पोल खोलते हुए लिखा कि बाद में मुझे पता चला कि इस बहस के आयोजक मूसा हरराज, जिनके पिता पाकिस्तान में मंत्री हैं। उन्होंने इस पूरी झूठी कहानी को गढ़ा है। पाकिस्तान की टीम लंदन में ही मौजूद थी। लेकिन बहस नहीं करना चाहती थी। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान की टीम तैयारी के साथ है तो फिर बहस के लिए सामने आ जाए। उन्हें इसमें आतंकियों की तरह छिपने की जरूरत नहीं है। डिबेट से तीन घंटे पहले पाकिस्तानी स्पीकर के नहीं आने की जानकारी मिली इसके बाद साई दीपक खुद ब्रिटेन पहुंचे और आखिरी मौके पर ब्रिटेन में रहने वाले दो भारतीय मूल के स्पीकर मनु खजूरिया और पंडित सतीश शर्मा को टीम में शामिल कर लिया। यानी भारतीय टीम पूरी तरह तैयार थी।

# मौत और तबाही लेकर आया चक्रवाती तूफान सेन्यार, इन देशों में मरने वालों का आंकड़ा 300 के पार



**जकार्ता, एजेंसी।** चक्रवाती तूफान सेन्यार ने कमजोर होने से पहले इंडोनेशिया और थाईलैंड जैसे देशों में भारी तबाही मचाई है। बाढ़ और लैंडस्लाइड की वजह से मरने वालों का आंकड़ा 300 तक पहुंच गया है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया है कि इंडोनेशिया के सुमात्रा आइलैंड पर अचानक आई बाढ़ और लैंडस्लाइड से मरने वालों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 174 हो गई। वहीं दर्जनों लोग अभी भी लापता हैं। इस बीच शुक्रवार को दक्षिणी थाईलैंड में आई भारी बाढ़ में कम से कम 145 लोगों की मौत हो गई है। इंडोनेशिया की मौसम संबंधी एजेंसी ने बताया है कि चक्रवाती तूफान दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों को कई दिनों तक प्रभावित कर सकता है। एजेंसी के एक अधिकारी ने बताया कि मलक्का स्ट्रेट में बना ट्रॉपिकल साइक्लोन सेन्यार खराब मौसम की वजह बन रहा है। उन्होंने कहा है कि खराब मौसम संबंधी चेतावनी बढ़ा दी है। तूफान के बाद आए मूसलाधार बारिश और बाढ़ की वजह से नॉर्थ सुमात्रा प्रांत में 3,200 से ज़्यादा घर और इमारतें डूब गई हैं। हजारों लोगों को सरकारी राहत शिविरों में शिफ्ट किया गया है। वहीं वेस्ट सुमात्रा में, 17,000 से ज्यादा घर डूब गए, और लगभग 23,000 लोगों को टेम्परारी शेल्टर में ले जाया गया है। इस बीच खराब मौसम की वजह से बचाव कार्य में भी मुश्किलें आ रही हैं। नॉर्थ सुमात्रा रीजनल पुलिस के स्पोक्सपर्सन फेरी वुलंटुकन ने बताया है कि मिट्टी धंसने, बिजली ना होने और टेलीकम्युनिकेशन की बाधा की वजह से सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन में रुकावट आ रही है। थाईलैंड में भी बाढ़ ने भीषण तबाही मचाई है। पानी कम होने पर रेस्क्यू टीमें पहले डूबे हुए इलाकों में पहुंच रही हैं, जिससे बड़े पैमाने पर तबाही नजर आ रही है। 12 दक्षिणी प्रांतों में 1.2 मिलियन से ज्यादा घर और 36 लाख लोग लगातार भारी बारिश से प्रभावित हुए हैं। राहत और बचाव कार्य जारी है। वहीं बाढ़ और भूस्खलन की वजह से क्षतिग्रस्त सड़कों और संचार लाइनों के कारण कई इलाके बड़े पैमाने पर कट गए हैं। उत्तरी सुमात्रा प्रांत के मध्य टापानुली जिले और क्षेत्र के अन्य जिलों में राहत विमान की मदद से सहायता और आपूर्ति पहुंचाया जा रहा है। उत्तरी सुमात्रा पुलिस के प्रवक्ता के अनुसार सड़कों, बिजली और फोन नेटवर्क के पूरी तरह बंद होने के कारण बचाव दलों को बड़ी परेशानी हो रही है।

# अमेरिका ने अफगानियों को वीजा जारी करने पर लगाई रोक, वॉशिंगटन डीसी में गोलीबारी के बाद ट्रंप सरकार का फैसला

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका की ट्रंप सरकार ने वॉशिंगटन डीसी में गोलीबारी की घटना के बाद शुक्रवार से अप्रवासियों के खिलाफ जांच तेज और सघन कर दी है। साथ ही अमेरिकी विदेश विभाग ने अफगान नागरिकों के लिए वीजा जारी करने पर भी रोक लगा दी है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में लिखा कि 'राष्ट्रपति ट्रंप के विदेश विभाग ने अफगानिस्तान के सभी लोगों को वीजा जारी करने पर रोक लगा दी है।'

**अमेरिकी अप्रवासन विभाग ने जारी किए निर्देश :** विदेश विभाग के फैसले के बाद अमेरिकी सरकार ने देशभर में सभी शरण संबंधी फैसलों को भी तुरंत प्रभाव से रोक दिया है। बीते बुधवार को अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में बेहद सुरक्षित माने जाने वाले इलाके में हुई गोलीबारी के बाद ट्रंप प्रशासन ने यह सख्त कदम उठाया है। इस गोलीबारी में नेशनल गार्ड्स की एक महिला सैनिक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल है। इससे पहले अमेरिका के अप्रवासन विभाग के निदेशक जोसेफ एल्डो ने भी पुष्टि की थी कि अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अगले आदेश तक अफगानिस्तान के नागरिकों को वीजा जारी न करें। यह रोक तब तक जारी रहेगी, जब तक अमेरिकी सरकार अमेरिका में मौजूद हर अफगान नागरिक की पूरी तरह से सुरक्षा जांच नहीं कर लेती।

**ग्रीन कार्ड धारकों के दस्तावेजों की भी जांच के आदेश :** वॉशिंगटन डीसी में गोलीबारी के आरोपी की पहचान अफगान मूल के रहमानुल्ला लकनवाल के रूप में हुई थी, जो साल 2021 में अमेरिका आया था। रहमानुल्ला को इसी साल अमेरिका में शरण दी गई थी। गोलीबारी की घटना से नाराज राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रंप प्रशासन ने 19 देशों के ग्रीन कार्ड धारकों के दस्तावेजों की सघन जांच का भी आदेश दिया है। ट्रंप सरकार के इस फैसले से ग्रीन कार्ड धारकों में डर का माहौल पैदा हो गया है। जिन 19 देशों के ग्रीन कार्ड होल्डर्स के दस्तावेजों की जांच का फैसला किया गया है, उनमें अफगानिस्तान, बर्मा, चाड, कांगो गणतंत्र, इक्वेटोरियल गिनी, एरीट्रिया, हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान, यमन, बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला का नाम शामिल है।

# ट्रंप के 'शांति सूत्रधार' डैन ड्रिस्कॉल: सबसे युवा आर्मी सेक्रेटरी, रूस-यूक्रेन प्रस्ताव के मुख्य वास्तुकार



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** नॉर्थ कैरोलिना की ब्लू रिज पर्वत श्रृंखला अपनी धुंध भरी सुबहों, सरसराते चीड़ के जंगलों और धीमी रफ्तार से चलने वाले छोटे-छोटे कस्बों के लिए मशहूर है। इन्हीं शांत पहाड़ियों के बीच बसे एक छोटे-से शहर बैनर एल्क में एक लड़का पला-बढ़ा था। वह बोलने से ज्यादा देखने-समझने में विश्वास रखता था। पर उसके अंदर एक अनोखी स्पष्टता थी। जहां बाकी बच्चे खेल, फिल्मों या रोमांच की बातें करते थे, वहीं उसने बचपन से ही फौज में शामिल होकर देश की सेवा करने का सपना संजो लिया था। उसके शिक्षक अक्सर उसके धैर्य, सूझ-बूझ वाले सवालों और काम खत्म करने की तेजी से प्रभावित होते थे। आगे चलकर वह लड़का न सिर्फ सबसे कम उम्र का अमेरिका का आर्मी सेक्रेटरी बना, बल्कि वर्तमान में दुनिया की सबसे जटिल राजनीतिक और सैन्य चर्चा के केंद्र में भी है। ये हैं डैनियल 'डैन' पैट्रिक ड्रिस्कॉल, जिन्हें अमेरिकी राष्ट्रपति का ड्रोन मैन भी कहा जाता है। फिलवक्त, वह कीव और मॉस्को के बीच ट्रंप के शांति प्रस्ताव के वास्तुकार बनने की वजह से सुर्खियों में हैं।

**शुरुआत और परिवार :** ड्रिस्कॉल का नॉर्थ कैरोलिना से गहरा नाता है, जहां दुनिया के सबसे बड़े मिलिट्री ठिकानों में से एक फोर्ट ब्रैग समेत दस और मिलिट्री ठिकाने हैं। उन्होंने बैनर एल्क की पहाड़ियों में अपना बचपन बिताया। ड्रिस्कॉल अपने परिवार में तीसरी पीढ़ी के सैनिक हैं। उनके पिता वियतनाम युद्ध में शामिल थे, जबकि दादा द्वितीय विश्वयुद्ध में आर्मी डिकोडर रहे थे। उनकी मां गृहिणी थीं। ड्रिस्कॉल ने अपनी स्कूली शिक्षा वाटौगा हाई स्कूल से पूरी की। सेना में जल्दी शामिल होने की चाह थी, इसलिए उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलिना, चैपल हिल से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री सिर्फ तीन साल में हासिल कर ली। उन्होंने प्रतिष्ठित येल लॉ स्कूल से ज्यूरिस डॉक्टर की डिग्री भी हासिल की है। कॉलेज के दिनों में ही उन्होंने येल के वेटरंस लीगल सर्विसेज क्लिनिक में भी काम किया, सीनेट कमेटी ऑन वेटरंस अफेअर्स व नाइंथ सर्किट के चीफ जज एलेक्स कोजिंस्की के लिए इंटर्नशिप की। ड्रिस्कॉल ने अपनी हाई स्कूल की दोस्त, कैसी ड्रिस्कॉल से शादी की है, जो एक प्लास्टिक सर्जन हैं। इस दंपती के दो बच्चे, डैनियल जूनियर और लीला, हैं।

**ट्रंप के भरोसेमंद :** अपने ज्यादातर कॅरिअर में, डैन ड्रिस्कॉल ने निजी क्षेत्रों में काम किया। तकनीकी और साइबर सुरक्षा फर्मों में वरिष्ठ पेशेवर के तौर पर उन्होंने न केवल डाटा स्ट्रेटजी और कॉरपोरेट रिस्क असेसमेंट में काम किया, बल्कि क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोटेक्शन जैसे संवेदनशील विषयों को भी बड़े कौशल के साथ संभाला। वह 20 करोड़ डॉलर के वेंचर कैपिटल फंड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर के रूप में भी काम कर चुके हैं। ड्रिस्कॉल सबसे नाजुक मुद्दों को भी बिना किसी हंगामे के शांत और असरदार ढंग से हल करने में माहिर हैं। उनकी इसी क्षमता ने राष्ट्रपति ट्रंप का भरोसा जीत लिया।

# ट्रंप की पहल से रुकेगा एक और संघर्ष, अफ्रीकी देश अमेरिका में शांति समझौते पर करेंगे हस्ताक्षर

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक और संघर्ष विराम कराने जा रहे हैं। दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अफ्रीकी देश कांगो और रवांडा के राष्ट्रपति अमेरिका में 4 दिसंबर को मिलेंगे और शांति समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। दोनों देशों के बीच संघर्ष रुकवाने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप और उनके प्रशासन द्वारा कई महीनों से बातचीत की जा रही थी। कांगो के राष्ट्रपति फेलिक्स शीसेकेडी ने बताया कि कांगो किसी भी शांति समझौते पर तभी हस्ताक्षर करेगा, जब इस बात की गारंटी मिले की रवांडा की सरकार एम23 विद्रोही संगठन को कोई समर्थन नहीं देगी।

**पूर्वी कांगो में छिड़ा है संघर्ष :** कांगो के राष्ट्रपति ने 4 दिसंबर को रवांडा के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने की पुष्टि की है। वहीं रवांडा के राष्ट्रपति पॉल कागामे ने भी इसकी उम्मीद जताई। हालांकि उन्होंने ये भी कहा कि पूर्वी कांगो में शांति तभी संभव है, जब विवाद से सीधे तौर पर जुड़े लोग शांति के पक्ष में हों। पूर्वी कांगो में बीते कई महीनों से संघर्ष छिड़ा हुआ है। यह संघर्ष कांगो सरकार की सेना और 100 से ज्यादा विद्रोही संगठनों के बीच हो रहा है। इस विद्रोही संगठनों में सबसे ताकतवर एम23 समूह है, जिसे रवांडा की सरकार का समर्थन हासिल है। इस साल संघर्ष उस समय तेज हो गया, जब एम23 ने कांगो के दो बड़े शहरों गोमा और बुकावु पर कब्जा कर लिया।

**रवांडा के सैनिक विद्रोही संगठन के साथ मिलकर पूर्वी कांगो में लड़ रहे :** संयुक्त राष्ट्र विशेषज्ञों का दावा है कि रवांडा की सेना के 3000-4000 जवान पूर्वा कांगो में मौजूद हैं और एम23 समूह के साथ मिलकर लड़ रहे हैं। हालांकि रवांडा ने इन दावों को खारिज कर दिया है। दावा किया जा रहा है कि यह संघर्ष पूर्वी कांगो की खनिज संपदा और कथित तौर पर अपने-अपने इलाकों की रक्षा के लिए है। इससे पहले जून में भी कांगो और रवांडा के विदेश मंत्रियों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे, जिसमें रवांडा के सैनिकों की पूर्वी कांगो से वापसी की बात पर सहमति बनी थी।

उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दावा है कि वे आठ युद्ध रुकवा चुके हैं। इस सूची में कंबोडिया और थाईलैंड, सर्बिया, इस्राइल और ईरान, मिस्त्र और इथयोपिया, आर्मेनिया और अजरबैजान जैसे देशों का संघर्ष शामिल है। ट्रंप भारत और पाकिस्तान का संघर्ष रुकवाने का भी दावा करते हैं, लेकिन भारत ने ट्रंप के दावे को खारिज कर दिया है। बीते दिनों उन्होंने कहा कि आठ में से पांच युद्ध तो उन्होंने टैरिफ की धमकी देकर रुकवाए।

# चिली में प्रवासियों के खिलाफ चल रहा अभियान, पलायन बढ़ते ही पेरू ने की सीमा पर आपातकाल के एलान की तैयारी



**सैंटियागो, एजेंसी।** पेरू के राष्ट्रपति जोस जेरी ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार देश की दक्षिणी सीमा पर आपातकाल का एलान करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार इलाके में ज्यादा सशस्त्र बलों को तैनात करेगी, क्योंकि बड़ी संख्या में वेनेजुएला के प्रवासी चिली से उत्तर की ओर बढ़ रहे हैं, जहां अप्रवासी विरोधी भावनाएं बढ़ गई हैं। अपने देश में संकट से बचने या विदेश में बेहतर अवसरों की तलाश में लाखों प्रवासी लंबे समय से महाद्वीप और पेरू की सीमा पार कर चिली में नया जीवन बसर करने के लिए आ रहे हैं, जो लैटिन अमेरिका के सबसे स्थिर और समृद्ध देशों में से एक है। चिली में कानूनी दर्जा न रखने वाले बहुत से लोग हैं, इनमें ज्यादातर वेनेजुएला के हैं। ये लोग हाल के वर्षों में अपने देश की आर्थिक बर्बादी और सत्तावादी शासन से बचकर भागे हैं। हालांकि, अब ये दूसरी दिशा में जा रहे हैं, क्योंकि चिली आव्रजन के खिलाफ अपना रुख सख्त करने की तैयारी कर रहा है। 14 दिसंबर को चिली में होने वाले राष्ट्रपति पद के दूसरे चरण के चुनाव में जीत के प्रबल दावेदार अति-रूढ़िवादी वकील जोस एंटोनियो कास्ट ने अपना अभियान वेनेजुएला से आने वाले अप्रवासियों और संगठित अपराध में वृद्धि को लेकर लोगों के डर के इर्द-गिर्द बुना है। उन्होंने पिछले हफ्ते पेरू से लगी चिली की रेगिस्तानी सीमा पर एक अभियान वीडियो फिल्माया, जिसमें बिना औपचारिक दर्जा वाले अप्रवासियों को चेतावनी दी गई है आपके पास अपनी इच्छा से चिली छोड़ने के लिए 111 दिन हैं। दिनों की यह मोहलत मौजूदा वामपंथी राष्ट्रपति गैब्रियल बोरिक के बाद नए प्रशासन के कार्यभार संभालने तक की है। उन्होंने कहा, 'अगर ऐसा नहीं हुआ, तो हम आपको रोकेंगे, आपको हिरासत में लेंगे, आपको निष्कासित कर देंगे। आप सिर्फ अपने तन पर पहने कपड़ों के साथ ही बाहर निकलेंगे।' जल्द ही पेरू का मीडिया उन प्रवासी परिवारों की तस्वीरों से भर गया जो चिली से पेरू की ओर भाग रहे थे, उनका सामान बैग और कचरे के थैलों में भरा हुआ था। कुछ ही दिनों के भीतर जारी ने सीमा नियंत्रण का निरीक्षण करने के लिए उसी क्षेत्र का दौरा किया और सुरक्षा अभियान को बढ़ावा देने के लिए सशस्त्र बल भेजे। चिली के उत्तरी सीमावर्ती कस्बों के निवासियों ने बढ़ती अराजकता की सूचना दी है, क्योंकि चिली छोड़कर पेरू में प्रवेश की अनुमति न मिलने पर भी लोगों की भीड़ अनिश्चितता में फंसी हुई है। शुक्रवार को जारी ने क्षेत्र में आपातकाल की घोषणा करने के लिए अपने मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई। इस बात का कोई स्पष्ट आंकड़ा नहीं है कि कास्ट की सामूहिक निर्वासन की धमकियों और आव्रजन वकीलों के अनुसार, 18.5 मिलियन की आबादी वाले दक्षिण अमेरिकी देश में विदेशी लोगों के प्रति बढ़ती नफरत की पृष्ठभूमि में कितने लोगों ने चिली छोड़ने का फैसला किया है। शुक्रवार को कास्ट ने एक नया वीडियो जारी किया जिसमें उन्होंने अप्रवासियों के लिए अपनी चेतावनी दोहराई और बोरिक से दखल देने का आग्रह किया।

# ट्रम्प ने बाइडेन के 92% एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स रद्द किए: बोले- इन पर मशीन से दस्तखत थे, पूर्व राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं थी, इसलिए ये अवैध

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में जारी किए गए 92% एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स को रद्द कर दिया है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर इसकी जानकारी दी। ट्रम्प ने का दावा है कि ये सभी ऑटोपेन (मशीन से दस्तखत) से साइन किए गए थे, जो बिना बाइडेन की मंजूरी के अवैध हैं। इस कदम से बाइडेन के कई महत्वपूर्ण एक्जीक्यूटिव ऑर्डर प्रभावित हो सकते हैं, जिनमें स्वास्थ्य, पर्यावरण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़े नियम शामिल हैं। उन्होंने बाइडेन को 'स्लीपी (सुस्त) जो' और 'क्रुक्ड (चालाक) जो' कहते हुए धमकी दी कि अगर बाइडेन इन दस्तावेजों पर अपनी सहमति का दावा करेंगे तो उन पर 'झूठे बयान' के आरोप लगेंगे। ट्रम्प का यह फैसला व्हाइट हाउस के पास हुए नेशनल गार्ड्स पर हुए हमले के बाद आया है।

**बाइडेन के कई एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर रद्द होने का खतरा :** बाइडेन ने चार साल (2021-25) के कार्यकाल में कुल 162 एक्जीक्यूटिव ऑर्डर जारी किए, साथ ही सैकड़ों ज्ञापन और नोटिस भी साइन किए थे। ट्रम्प ने पद संभालने के बाद जनवरी में ही करीब 80 बाइडेन-युग के ऑर्डर रद्द कर दिए थे, लेकिन कुछ महत्वपूर्ण ऑर्डर अभी भी लागू हैं। इनमें से कुछ अब रद्द होने के खतरे में हैं।

**एग्जीक्यूटिव ऑर्डर 14087:** अमेरिका में प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की कीमतें कम करने से जुड़ा। यह दवा कंपनियों पर नियंत्रण लगाता है, ताकि आम नागरिकों को सस्ती दवाएं मिल सकें।



**एग्जीक्यूटिव ऑर्डर 14096:** पर्यावरणीय न्याय पर केंद्रित, जो गरीब और अल्पसंख्यक समुदायों को पर्यावरण प्रदूषण से बचाने के उपाय करता है।

**एग्जीक्यूटिव ऑर्डर 14110:** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विकास और उपयोग पर सख्ती, जिसमें जोखिमों को कम करने और नैतिक उपयोग सुनिश्चित करने के नियम शामिल हैं। ट्रम्प के इस कदम से इन नीतियों पर असर पड़ सकता है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि सभी दस्तावेजों के हस्ताक्षरों की वैधता साबित करना मुश्किल होगा। अभी यह साफ नहीं है कि कौन इन साइन की जांच करेगा।

**क्या ट्रम्प बाइडेन के आदेशों को रद्द कर सकते हैं :** कार्यकारी आदेश अमेरिकी राष्ट्रपति के जारी किए गए ऑर्डर होते हैं, जो संघीय एजेंसियों को कानूनों को लागू करने या नीतियां बनाने में मदद करते हैं। अमेरिकी कानून के अनुसार, कोई भी राष्ट्रपति अपने पिछले राष्ट्रपति के कार्यकारी आदेशों को रद्द, संशोधित या अमान्य कर सकता है। हालांकि, इसकी अपनी सीमाएं भी हैं। खासकर क्षमादान, माफी और सजा में कमी के मामलों में, जिन्हें एक बार दिए जाने के बाद वापस नहीं लिया जा सकता। ट्रम्प का मुख्य दावा ऑटोपेन पर आधारित है। वे कहते हैं कि बाइडेन के 92% आदेश ऑटोपेन से हस्ताक्षरित थे, जो बिडेन की मंजूरी के बिना अवैध हैं। लेकिन कानूनी रूप से, ऑटोपेन का उपयोग पूरी तरह वैध है। जस्टिस डिपार्टमेंट के ऑफिस ऑफ लीगल काउंसल ने 2005 में (जॉर्ज डब्ल्यू. बुश के समय) कहा था कि राष्ट्रपति को बिल या आदेश साइन करने के लिए व्यक्तिगत रूप से हस्ताक्षर करने की जरूरत नहीं है, बशर्ते उनकी मंजूरी हो।

**ट्रम्प ने बाइडेन पर झूठी गवाही का आरोप लगाने की धमकी दी :** ट्रम्प ने बाइडेन पर परजरी (झूठी गवाही) का आरोप लगाने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर बाइडेन ने कहा कि उन्होंने ऑटोपेन वाले दस्तावेदो को खुद अप्रूव किया था, तो उन पर परजरी के आरोप लगेंगे।

# विराट कोहली ने रचा इतिहास: एक फॉर्मेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने

**रांची (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने एक बार फिर दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को रांची में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले ODI में अपना 52वां एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शतक जड़ दिया। यह शतक पुरुषों के क्रिकेट में 7000वां अंतर्राष्ट्रीय शतक भी है।

भारत ने सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा (51 गेंदों पर 57 रन) को एक शानदार अर्धशतक के बाद खो दिया था। रोहित-कोहली की जोड़ी ने 109 गेंदों पर 136 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, जिसने भारत के लिए मजबूत आधार तैयार किया। रोहित ने अपनी पारी में तीन छक्के भी लगाए।

रोहित के आउट होने के बाद, भारत की पारी थोड़ी लड़खड़ाई, जब रुतुराज गायकवाड़ और वाशिंगटन सुंदर सस्ते में आउट हो गए। रन रेट धीमा हुआ और साउथ अफ्रीका ने वापसी की कोशिश की।

हालांकि, कोहली अडिग रहे। उन्होंने चुपचाप शुरुआत की, लेकिन फिर जरूरत पड़ने पर गियर बदला और एक-एक ईंट से अपनी पारी को बनाया। यह शतक 38वें ओवर में आया, जब उन्होंने ऑलराउंडर मार्को जेनसन की गेंद को बेहतरीन तरीके से थर्ड मैन के ऊपर से गाइड किया।



गेंद बाउंड्री के पार चली गई और कोहली ने हवा में मुक्का मारते हुए ज़ोरदार जश्न मनाया।

दूसरे छोर पर, केएल राहुल ने शांत रहकर स्ट्राइक रोटेट की और कोहली को चार्ज लेने दिया। ओवर बाकी रहने और बैटिंग लाइनअप में गहराई होने के साथ, भारत 300 से अधिक रन बनाने की अच्छी स्थिति में दिख रहा है।

## रोहित और विराट सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली भारतीय जोड़ी बनी, तेंदुलकर और द्रविड़ को पीछे छोड़ा



रांची । भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाजों रोहित शर्मा और विराट कोहली ने यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में उतरने ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। अब विराट और रोहित की जोड़ी भारतीय टीम की ओर से सबसे अधिक मैच खेलने वाली जोड़ी बन गयी है। इससे पहले ये रिकार्ड सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ की जोड़ी के नाम था। अब रोहित और विराट ने एक साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 392 मैच खेले हैं। यह संयुक्त रूप से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा खेले गए मैच हैं। वहीं सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ की जोड़ी ने 391 मैच खेले हैं। वहीं सबसे अधिक मैच खेलने वाली तीसरी जोड़ी राहुल द्रविड़ और गांगुली की है। इस जोड़ी ने 369 मैच खेले हैं। इस मैच से भारतीय प्रशंसकों को रोहित और विराट की जोड़ी को लंबे समय बाद एक साथ घरेलू मैदान पर खेलते हुए देखने का अवसर मिला है। रोहित और विराटने भारत के लिए एक साथ अपना पहला मैच 18 अगस्त 2008 को खेला था। तब से लेकर इन दोनों ने जमकर रन बनाते हुए एक साथ मिलकर टीम इंडिया को कई मैच जिताए। येसीरीज इन दोनो का ही भविष्य तय करेगी।, टेस्ट और टी20 से रोहित-कोहली के संन्यास लेने से टीम प्रबंधन उन्हें अगले विश्व कप के लिए दावेदार नहीं मान रहा था, मगर ऑस्ट्रेलिया दौरे पर इन दोनो ने ही जमकर रन बनाकर अपनी दांवेदारी पेश की थी। अब देखना है कि दक्षिण अफीका के खिलाफ ये कितने सफल रहते हैं।

# रोहित शर्मा वनडे में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले क्रिकेटर बने, दिग्गज पाकिस्तानी खिलाड़ी को पीछे छोड़ा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क -टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। रोहित अब वनडे क्रिकेट में 352 छक्कों के साथ इस फॉर्मेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले क्रिकेटर बन गए हैं। रोहित को इस मैच से पहले ये रिकॉर्ड बनाने के लिए 3 छक्कों की जरूरत थी। रोहित ने इस मामले में पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी (351) को पीछे छोड़ दिया है जो इससे पहले वनडे इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के (351) मारने वाले खिलाड़ी थे।

रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 136 रन की साझेदारी की। रोहित ने अपनी पारी के दौरान 51 गेंदों में 57 रन बनाए जिसमें 5 चौके और 3 छक्के शामिल थे।

**ODI में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप 5 खिलाड़ी**

रोहित शर्मा - 352
शाहिद अफरीदी - 351
क्रिस गेल - 331
सनथ जयसूर्या - 270
महेंद्र सिंह धोनी - 229

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी : अभिषेक ने 12 गेंदों मे ही लगाया अर्धशतक



**-सबसे तेज पचास रन बनाने वाले दूसरे भारतीय बने**

**हैदराबाद (एजेंसी)।** पंजाब की ओर से खेलते हुए बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में 12 गेंदों पर ही अर्धशतक लगा दिया। अधिषेक ने 425.00 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं। इस युवा बल्लेबाज ने हैदराबाद में बंगाल के खिलाफ एलीट ग्रुप सी के मुकाबले में 12 गेंद में 5 चौके और 5 छक्के लगाकर सबको हैरान कर दिया।

पंजाब कप्तानी करते हुए अभिषेक ने बंगाल के गेंदबाजों की जमकर पिटाई की। पहले दो मैचों में वह रन नहीं बना पाये थे पर इस मैच में उन्होंने कोई गलती नहीं की। इस मैच में उन्होंने मोहम्मद शमी की गेंदों पर भी जमकर शॉट लगाये। अभिषेक का 12 गेंदों में लगाया अर्धशतक पुरुष टी20 क्रिकेट में संयुक्त रूप से तीसरा व किसी भारतीय द्वारा बनाया गया दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। प्रभसिमरन सिंह के साथ पारी की शुरुआत करते हुए अभिषेक ने शमी और आकाश दीप की गेंदों को जमकर पीटा। उन्होंने साक्षम चौधरी और वृत्तिक चटर्जी के खिलाफ भी तेजी से रन बनाये।

टी20 में सबसे तेज अर्धशतक नेपाल के दिपेंद्र सिंह ऐरी ने सितंबर 2023 में हांगझो एशियन गेम्स के दौरान मंगोलिया के खिलाफ 10 गेंदों में अर्धशतक बनाया था। वहीं भारत के अशुतोष शर्मा दूसरे नंबर पर हैं, जिन्होंने 2023-24 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ रेलवे की ओर से खेलते हुए 11 गेंदों में ही पचास रन बना दिये। अब अभिषेक तीसरे नंबर पर आ गये हैं।

# चयनकर्ता प्रमुख अजीत अगरकर घरेलू ड्यूटी पर अहमदाबाद में तैनात

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** चयनकर्ता प्रमुख अजीत अगरकर 26 नवंबर से घरेलू ड्यूटी पर अहमदाबाद में तैनात हैं, जबकि भारतीय क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से घरेलू टेस्ट हार से अभी भी जूझ रहा है। सेलेक्टर्स के चेयरमैन, जिनकी अक्सर घरेलू सर्किट से ज़्यादा इंटरनेशनल गेम को प्राथमिकता देने के लिए आलोचना की जाती है, नेशनल टी20 चैंपियनशिप के ग्रुप डी मैचों की देखरेख कर रहे हैं जो अभी कई शहरों में फैले हुए हैं।



अगरकर की अगुवाई वाला पैनल घरेलू क्रिकेट से दूर रहने, खासकर व्हाइट-बॉल रिटर्न के आधार पर टेस्ट खिलाड़ियों को चुनने और स्पेशलिस्ट खिलाड़ियों के बजाय ऑलराउंडरों को तरजीह देने के लिए जांच के दायरे में है। साई सुदर्शन और नीतीश रेड्डी के चयन ने ध्यान खींचा है, जबकि सरफराज खान, अभिमन्यु ईश्वरन और करुण नायर को बाहर रखने पर बहस जारी है। हालांकि चयन पांच सदस्यों वाली कमेटी का सामूहिक फैसला है, लेकिन अगरकर की सबसे ज्यादा आलोचना विदेशी दौरों और इंटरनेशनल मैचों में उनकी लगातार मौजूदगी के कारण हुई है।

यह साफ नहीं है कि टेस्ट हार के बाद उनका मौजूदा घरेलू कार्यकाल बीसीसीआई के किसी निर्देश से जुड़ा है या नहीं, लेकिन अगरकर को पिछले कुछ दिनों में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में देखा गया है। दूसरे चयनकर्ताओं में, प्रज्ञान ओझा रविवार (30 नवंबर) से दक्षिण अफ्रीका में शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम के साथ यात्रा करने वाले हैं, जबकि एसएस दास (कोलकाता), आरपी सिंह (लखनऊ) और अजय रात्रा (हैदराबाद) सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी ड्यूटी पर हैं।

टेस्ट सीरीज में हार के बाद रेड-बॉल क्रिकेट को लेकर भी बड़ी चर्चाएं शुरू हो गई हैं जिसमें यह भी शामिल है कि क्या इस फॉर्मेट से हटने वाले सीनियर खिलाड़ियों से दोबारा सोचने के लिए कहा जा सकता है। इस बात का कोई संकेत नहीं है कि विराट कोहली से संपर्क किया गया है, लेकिन यह विचार फैलने लगा है। किसी भी औपचारिक कदम की कोई निश्चितता नहीं है, हालांकि ऐसा माना जा रहा है कि हाल ही में रिटायर हुए कम से कम एक खिलाड़ी दोबारा सोचने के लिए तैयार हो सकता है।

कई फ्रेंचाइजी स्काउट्स भी सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी वेन्यू पर पहुंच गए हैं, जिसमें जॉन राइट - भारत के पूर्व कोच और लंबे समय से मुंबई इंडियंस के स्काउट, अहमदाबाद के प्रमुख नामों में से हैं। वरुण एरॉन, पार्थिव पटेल, किरण मोरे और विजय भारद्वाज भी मौजूद हैं। राइट, जो सालों से मुंबई इंडियंस के लिए स्काउट रहे हैं और जिन्हें जसप्रीत बुमराह को खोजने का श्रेय दिया जाता है, 16 दिसंबर को आईपीएल ऑक्शन से पहले एक्शन पर नजर रख रहे हैं। अहमदाबाद ने दूसरे सेंटर्स की तुलना में ज़्यादा ध्यान खींचा है, जहां झारखंड, तमिलनाडु, कर्नाटक, सौराष्ट्र, उत्तराखंड, दिल्ली और त्रिपुरा की टीमें अभी नरेंद्र मोदी स्टेडियम के मैदान में खेल रही हैं।

# भारत अंडर-19 और अफगानिस्तान अंडर-19 के बीच त्रिकोणीय श्रृंखला का फाइनल रद्द



बेंगलुरु । भारत अंडर-19 और अफगानिस्तान अंडर-19 के बीच एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला का फाइनल मैच खराब मौसम की वजह से रविवार को यहां रद्द हो गया। भारत अंडर-19 टीम 19 ओवर में पांच विकेट पर 79 रन बनाकर जूझ रही थी जब बारिश और खराब रोशनी की वजह से खेल रोकना पड़ा जो दोबारा शुरू नहीं हो पाया। तेज गेंदबाज अब्दुल अजीज ने कप्तान विहान मल्होत्रा ??और वंश आचार्य के विकेट लेकर अफगानिस्तान को शुरुआती सफलताएं दिलाईं जिससे भारत का स्कोर चार विकेट पर 24 रन हो गया। निष्क चौहान (नाबाद 28) और अभिज्ञान कुंडू (27) ने पांचवें विकेट के लिए 51 रन जोड़कर विकेटों के पतझड़ पर विराम लगाया लेकिन इसके बाद बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा और अंततः मैच रद्द हो गया।

# हरमनप्रीत और युवराज सिंह के नाम के स्टैंड बनाएगी पीसीए



चंडीगढ़ । अब पूर्व ऑलरांउडर युवराज सिंह और भारतीय महिला किकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के नाम के स्टैंड मोहाली में मुल्लांपुर स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह क्रिकेट स्टेडियम में बनेंगे। ये घोषणा पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) ने की है। इसके अलावा, हरमनप्रीत के साथ ही अमनजोर कौर को इनामी राशि भी दी जाएगी। पीसीए के कार्यवाहक सचिव सिद्धार्थ शर्मा ने कहा, इन खिलाड़ियों को विश्वकप जीतने के लिए सम्मानित किया जा रहा है। साथ ही कहा कि हमने उनके नाम पर एक स्टैंड की घोषणा की है। 11 दिसंबर को भारत-दक्षिण अफीका मैच में युवराज और हरमनप्रीत के नाम के स्टैंड का उद्घाटन होगा। यह स्टैंड न्यू मुल्लापुर में नए अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में बनेगा। यह उनकी उपलब्धि के लिए हमारी ओर से एक छोटी सी भेंट है। सिद्धार्थ के अनुसार इन महिला खिलाड़ियों को देखकर ही युवा लड़कियां भी इस खेल से जुड़ेंगी। उन्होंने कहा, महिला क्रिकेट में हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिगेज जैसी खिलाड़ियों को देखकर ही युवा सामने आएंगी। साथ ही कहा कि जब युवा पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी, तभी महिला क्रिकेट आगे बढ़ेगा। हरमनप्रीत की कप्तानी में भारतीय टीम ने महिला विश्व कप 2025 के फाइनल मैच में दक्षिण अफीका को 52 रन से हराकर खिताब जीता था। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने 50 ओवरों में 7 विकेट खोकर 298 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफीकी टीम 45.3 ओवरों में महज 246 रन ही बना पायी। वहीं युवराज सिंह ने भारत को टी20 विश्व कप 2007 और एकदिवसीय विश्व कप 2011 का खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई।

# हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप : भारत की ओमान पर 17-0 से शानदार जीत, क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाने के करीब

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत ने चेन्नई के एग्मोर में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में अपने दूसरे पूल बी मैच में ओमान को 17-0 से हराकर पुरुषों के हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की। भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में चिली को 7-0 से हराया था। अर्शदीप सिंह (4', 33', 40'), मनमीत सिंह (17', 26', 36') और दिलराज सिंह (29', 32', 58') ने हैट्रिक बनाई, जबकि अजीत यादवल (34', 47'), गुरजोत सिंह (39', 45') और लुवांग थोनाओजम इंगालेम्बा (43', 50') ने दो-दो गोल किए। अ नमोल एक्का (29') और शारदा नंद तिवारी (55') ने मैच के बाकी दो गोल किए।



अर्शदीप ने चौथे मिनट में गोल किया, लेकिन यह पहले क्वार्टर का एकमात्र गोल साबित हुआ, क्योंकि ओमान ने अपनी किस्मत और आखिरी समय में कुछ अच्छे डिफेंस के दम पर स्कोर 1-0 पर बनाए रखा। लेकिन, दूसरे पीरियड में मनमीत सिंह के दो गोल से भारत ने बढ़त बना ली, जिसके बाद दिलराज सिंह और अनमोल एक्का ने हाफ-टाइम तक भारत को 5-0 से आगे कर दिया। भारत ने तीसरे क्वार्टर में जोरदार वापसी की, जिसमें मेज़बान टीम ने मेहमान टीम पर आठ गोल किए, जिसमें मनमीत और अर्शदीप ने अपनी-अपनी हैट्रिक पूरी कीं।

भारत ने आखिरी क्वार्टर में भी चार और गोल करके अच्छा प्रदर्शन किया, जब दिलराज सिंह ने 58वें मिनट में अपने हैट्रिक गोल से शानदार स्कोरलाइन को खत्म किया। भारत के पांच गोल पेनल्टी कॉर्नर से आए, जबकि शारदा नंद तिवारी ने पेनल्टी स्ट्रोक को गोल में बदलकर स्कोरशीट में अपना नाम दर्ज कराया। बाकी 11 गोल ओपन प्ले से आए।

इस जीत की वजह से, भारत अभी चल रहे जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप के ग्रुप बी में बेहतर गोल डिफरेंस के आधार पर टॉप पर है। इस नतीजे का यह भी मतलब है कि अगर भारत मंगलवार को अपने आखिरी ग्रुप बी मैच में स्विट्जरलैंड से हार से बचता है, तो वह पूल विनर के तौर पर सीधे मेन्स हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 के क्वार्टर-फाइनल में पहुंच जाएगा। अगर भारत स्विट्जरलैंड से हार जाता है जिसने भी दो मैचों में दो जीत हासिल की हैं, तो उसे क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए छह रनर-अप टीमों में टॉप दो टीमों में शामिल होना होगा।

# इमोशनल कोच होना हमेशा फायदेमंद नहीं, गौतम गंभीर पर डिविलियर्स का बड़ा बयान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 0-2 की शर्मनाक हार के बाद भारतीय टीम और मुख्य कोच गौतम गंभीर लगातार आलोचना के केंद्र में हैं। सोशल मीडिया से लेकर क्रिकेट विश्लेषकों तक, गंभीर पर भारत के टेस्ट क्रिकेट को गलत दिशा में ले जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। उन पर लगातार प्रयोग करने, बैटिंग ऑर्डर में अनिश्चित बदलाव, स्पेशलिस्ट खिलाड़ियों को नज़रअंदाज़ करने और ऑलराउंडरों को लेकर अतिशय लगाव दिखाने की बातें तेजी से सामने आ रही हैं। हालांकि गंभीर साफ कह चुके हैं कि टीम ट्रांजिशन के दौर में है और बदलाव का ये ही सही समय होता है, चाहे उसे लेकर कितनी भी आलोचना क्यों न झेलनी पड़े। इसी बीच दक्षिण अफ्रीका के पूर्व महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने एक दिलचस्प और महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब चैनल से बातचीत में डिविलियर्स ने कहा कि टीम का कोच बहुत ज्यादा इमोशनल हो, तो यह हमेशा सकारात्मक साबित नहीं होता। उन्होंने कहा, 'मैं गौतम गंभीर को एक बेहद भावुक खिलाड़ी के रूप में जानता आया हूं। अगर ड्रेसिंग रूम में भी वही भावुकता हावी रहती है, तो आमतौर पर इमोशनल कोच का होना अच्छी बात नहीं माना जाता।'



डिविलियर्स और गंभीर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक साथ लंबा वक्त बिताया है और कई बार एक-दूसरे के खिलाफ बड़े मुकाबले खेले हैं। आईपीएल में भी दोनों कई साल प्रतिद्वंद्वी रहे। इन्हीं अनुभवों की वजह से डिविलियर्स गंभीर की कोचिंग स्टाइल को समझने की कोशिश करते दिखाई दिए। हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भावुक खिलाड़ी होना जरूरी नहीं कि वही शख्स भावुक कोच भी हो। डिविलियर्स ने कहा, 'हर खिलाड़ी की जरूरत अलग होती है। कुछ लोग ऐसे कोच के साथ ज्यादा सहज महसूस करते हैं जो खुद महान खिलाड़ी रहा हो, जबकि कुछ ऐसे कोच के साथ बेहतर खेलते हैं जिनके पास वर्षों का कोचिंग अनुभव हो, भले उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न खेला हो।' उन्होंने बताया कि उन्हें गैरी कर्स्टन जैसे शांत और संतुलित कोच के तहत खेलना बेहद पसंद था, और यह उनके प्रदर्शन के लिए फायदेमंद साबित हुआ। भारत में टेस्ट सीरीज की हार के बाद अगले साल गंभीर के लिए बड़ा इम्तिहान होगा और टीम के प्रदर्शन से ही तय होगा कि उनका प्रयोगात्मक दृष्टिकोण सही दिशा में है या नहीं। आलोचनाओं के बावजूद डिविलियर्स ने संकेत दिया कि नए बदलावों को समय दिया जाना चाहिए, क्योंकि हर टीम कभी न कभी बदलाव के दौर से गुजरती है।

# MLS CUP: मेस्सी की इंटर मियामी टीम ने न्यूयॉर्क सिटी FC को 5-1 से हराकर फाइनल में एंट्री की



फोर्ट लाउडरडेल। लियोनेल मेस्सी की टीम इंटर मियामी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न्यूयॉर्क सिटी स्नष्ट को 5-1 से हराकर ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस खिताब जीत लिया और इसके साथ ही एमएलएस कप फाइनल में जगह पक्की कर ली। इस जीत के बाद मेस्सी का एक और बड़े खिताब के लिए खेलना लगभग तय हो गया है। इंटर मियामी की जीत के हीरो रहे मेस्सी के अर्जेंटीनी साथी तादेओ अलेंदे, जिन्होंने बेहतरीन हैट्रिक जमाई। वहीं, जॉर्डी अल्बा और सर्जियो बुस्केट्स ने भी एक-एक गोल दागा। मेस्सी के लिए यह मैच व्यक्तिगत रूप से खास नहीं रहा, लेकिन उन्होंने शुरुआती दो गोल में महत्वपूर्ण असिस्ट दिए। यह क्लब और देश के लिए मिलाकर मेस्सी के करियर का 405वां असिस्ट था, जो फुटबॉल इतिहास में सर्वाधिक माने जाते हैं। इंटर मियामी अब एमएलएस कप फाइनल में वेस्टर्न कॉन्फ्रेंस के विजेता—सैन डिएगो या वैंकूवर की मेजबानी आगामी शनिवार को करेगी।

# डब्ल्यूबीबीएल 2025 : पॉइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंची मेलबर्न स्टार्स

मेलबर्न । विमेंस बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) 2025 के 28वें मुकाबले में शनिवार को मेलबर्न स्टार्स ने जंक्शन ओवल में खेले गए मैच में मेलबर्न रेनेगेड्स पर 45 रन की शानदार जीत दर्ज की। इस महत्वपूर्ण जीत के साथ मेलबर्न स्टार्स ने प्वाइंट्स टेबल में पहला स्थान हासिल कर लिया है। स्टार्स ने अब तक खेले गए 7 मुकाबलों में से 5 में जीत दर्ज की है, जबकि एक मैच में हार का सामना करना पड़ा और एक मुकाबला बारिश के कारण बेनतीजा रहा था। दूसरी ओर मेलबर्न रेनेगेड्स ने अब तक 8 मैच खेले हैं, जिसमें से टीम ने 4 में जीत हासिल की है और 4 में उसे हार झेलनी पड़ी है। अंक तालिका में रेनेगेड्स वर्तमान में तीसरे स्थान पर है। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मेलबर्न स्टार्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और टीम ने महज 14 रन पर रिस मैककेना का विकेट गंवा दिया, जो सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हुईं। शुरुआती झटके के बाद मेग लैनिंग और एमी जोन्स ने मिलकर टीम को संभाला और दूसरे विकेट के लिए 51 गेंदों में 62 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। एमी जोन्स ने 33 गेंदों में 7 चौकों की मदद से 43 रन की उपयोगी पारी खेली। इसके बाद कप्तान एनाबेल सदरलैंड ने लैनिंग का साथ देते हुए तीसरे विकेट के लिए 43 गेंदों में 70 रन जोड़कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। सदरलैंड ने 16 गेंदों में 27 रन का योगदान दिया, जबकि मेग लैनिंग अंत तक नाबाद रहीं और 58 गेंदों में 1 छक्का और 7 चौकों की मदद से शानदार 73 रन बनाए। निर्धारित 20 ओवर में मेलबर्न स्टार्स ने 5 विकेट पर 160 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। रेनेगेड्स की ओर से मिली इलिंगवर्थ ने सबसे ज्यादा 3 विकेट चटकाए, जबकि जॉर्जिया वेयरहैम ने 2 विकेट अपने नाम किए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मेलबर्न रेनेगेड्स की टीम कभी भी लय में दिखाई नहीं दी और 16.3 ओवरों में 115 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए डिएंड्रा डॉटिन और निकोल फाल्टम ने सर्वाधिक 23-23 रन बनाए, जबकि इसी वोंग ने 20 रन का योगदान दिया। मेलबर्न स्टार्स के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें मैसी गिब्सन ने 3 विकेट चटकाए और किम गार्थ ने 2 सफलताएं हासिल कीं।

# रसेल अब आईपीएल में नहीं खेलेंगे, सहयोगी स्टाफ के तौर पर उतरेंगे

**जमैका (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर आंद्रे रसेल अब आईपीएल में खेलते हुए नहीं दिखेंगे। इसका कारण है कि रसेल ने आईपीएल से संन्यास ले लिय है।

रसेल के इस फैसल से उनकी टीम कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के प्रशंसक हैरान हैं। रसेल अचानक ही संन्यास ले लेंगे। इसका अंदेशा उन्हें नहीं था। वह अभी विश्वभर की टी20 लीग्स में अपने प्रदर्शन से छाये हुए हैं। इस कारण आईपीएल में भी उनकी अच्छी मांग हैं। रसेल ने यह फैसला केकेआर द्वारा उन्हें आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले ही रिलीज करने के बाद लिया। रसेल ने आईपीएल को अलविदा कह दिया है पर कहा है कि वह सहयोगी स्टाफ के तौर पर उतरेंगे।

रसेल ने कहा कि वह केकेआर के साथ बने रहेंगे। वह आईपीएल 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स के सहयोगी स्टाफ के रूप में टीम के साथ बने रहेंगे।

रसेल ने अपने संन्यास की घोषणा करते हुए लिखा, 'ढ्ढक्क से संन्यास ले रहा हूं। साथ ही कहा कि इसमें शानदार सफर रहा है। सीज़न की यादें, और केकेआर परिवार से काफी प्यार मिला। मैं दुनिया भर की हर दूसरी लीग में छक्के मारता रहूंगा और विकेट लेता रहूंगा। और सबसे अच्छी बात? मैं घर नहीं छोड़ रहा हूं। इस बार मैं नई भूमिका में नजर आउंगा।।'

रसेल ने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत केकेआर नहीं बल्कि दिल्ली कैपिटल्स के साथ 2012 में की थी। दो सत्र दिल्ली से खेलने के बाद वह 2014 में केकेआर के साथ जुड़े और अपने पहले ही सीजन में उन्होंने टीम को विजेता बनाया। साल 2014 के बाद 2025 तक वह लगातार 12 साल कोलकाता की टीम का हिस्सा रहे। रसेल ने आईपीएल में कुल 140 मैच खेले जिसमें उन्होंने 2651 रन बनाने के साथ-साथ 123 विकेट लिए। ऐसे में एक खिलाड़ी के तौर पर लीग में उनका प्रदर्शन बेहतरीन रहा है।



# आरबीआई पॉलिसी से पहले बैंकों ने सस्ते किए होम लोन

**कई बैंकों ने ब्याज दरें घटाकर 7 फीसदी से शुरू कीं**

**नई दिल्ली**

आरबीआई की अगली मौद्रिक नीति की घोषणा से ठीक पहले देशभर के बैंकों ने होम लोन की ब्याज दरों में कमी कर दी है। इसका सीधा फायदा उन ग्राहकों को मिलेगा जो नया घर खरीदने या निर्माण करने के लिए किफायती फाइनेंस की तलाश में थे। मौजूदा हालात में कई बैंक न्यूनतम 7 प्रतिशत तक की सालाना ब्याज दर पर लोन उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे मासिक किस्तों में उल्लेखनीय कमी आएगी। पब्लिक सेक्टर बैंकों में बैंक ऑफ महाराष्ट्र, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक और बैंक ऑफ इंडिया ने नवंबर 2025 तक के लिए 7.35 प्रतिशत की शुरुआती दरों की घोषणा की है। केनरा बैंक 7.40 प्रतिशत और देश का सबसे बड़ा बैंक एसबीआई 7.50 प्रतिशत सालाना से ब्याज दरें ऑफर कर रहा है। एसबीआई का रेपो-लिंक्ड बेंचमार्क रेट 1 अगस्त 2025 से लागू है, जिसके आधार पर ग्राहकों की क्रेडिट प्रोफाइल के मुताबिक ब्याज तय किया जाता है। दूसरी ओर, प्राइवेट सेक्टर में एचडीएफसी बैंक 7.90 प्रतिशत,



एक्सिस बैंक 8.35 प्रतिशत और आईसीआईसीआई बैंक 8.75 प्रतिशत से होम लोन दे रहे हैं। ये सभी बैंक 30 साल तक की लंबी अवधि के साथ अधिकतम 90 प्रतिशत तक फाइनेंस उपलब्ध करा रहे हैं।

## रेपो दर में कटौती कर सकता है रिजर्व बैंक



**मुंबई** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की इस सप्ताह होने वाली बैठक में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है। रेपो दर वह दर है जिस पर केंद्रीय बैंक वाणिज्यिक बैंकों को अल्पकालिक ऋण देता है। एमपीसी की बैठक 03 से 05 दिसंबर को होने वाली है। इससे पहले अक्टूबर को हुई बैठक में रेपो तथा अन्य नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पिछली बार आरबीआई गर्वनर ने कहा था कि मुद्रास्फीति की कम दरों को देखते हुए रेपो दरों में कटौती की गुंजाइश है, लेकिन केंद्रीय बैंक और आंकड़ों का इंतजार करेगा। वह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में की गयी कटौती तथा अमेरिका में भारतीय वस्तुओं पर उच्च आयात के प्रभाव को देखना चाहेगा।

## चीन की कारखाना गतिविधियों में नवंबर में लगातार आठवें महीने गिरावट



**हांगकांग** चीन की कारखाना गतिविधियों में नवंबर में लगातार आठवें महीने गिरावट आई है। एक आधिकारिक सर्वे में यह जानकारी दी गई है। हालांकि, अमेरिका-चीन के बीच व्यापार के मोर्चे पर समझौता हो गया है, लेकिन इसके बावजूद चीन की चुनौतियां बनी हुई हैं। चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने कहा कि आधिकारिक विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) नवंबर में थोड़ा बढ़कर 49.2 हो गया, जो अक्टूबर में 49 था। पीएमआई के 50 से नीचे होने का आशय गतिविधियों में संकुचन से है। पीएमआई गतिविधियों में यह गिरावट विश्लेषकों के अनुमान के मुताबिक है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी शुल्क में कटौती के बाद अमेरिकी बाजार में चीन का निर्यात प्रतिस्पर्धा हासिल कर सकता है। लेकिन यह कहना जल्दबाजी होगी कि व्यापार समझौते के बाद निर्यात ने फिर से रफ्तार पकड़ी है या नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि अमेरिका 30 अक्टूबर से चीनी उत्पादों पर शुल्क में कटौती करेगा। इससे चीन के निर्यात और विनिर्माण को लेकर कुछ उम्मीद बंधी है।

## एसबीआई को कॉरपोरेट ऋण में दो अंकीय वृद्धि की उम्मीदः चेयरमैन सीएस शेट्टी

**आर्थिक सुधार और मजबूत पाइपलाइन से बचे हुए दो तिमाहियों में ऋण में तेजी की संभावना**

**नई दिल्ली** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष की बचे हुए दो तिमाहियों में कॉरपोरेट ऋण में दो अंकीय वृद्धि देखने को मिलेगी। बैंक के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने हाल ही में एक साक्षात्कार में कहा कि आर्थिक गतिविधियों में सुधार और बैंक की मजबूत ऋण पाइपलाइन के कारण कॉरपोरेट ऋण में तेजी आएगी। शेट्टी ने बताया कि एसबीआई के पास लगभग 7 लाख करोड़ रुपए के मंजूर ऋण हैं, जिनमें बिना इस्तेमाल की गई कार्यशील पूंजी सीमा और मियादी ऋण शामिल हैं। ये ऋण वर्तमान में वितरण प्रक्रिया में हैं। इसके अलावा कई परियोजना ऋण पर अभी बातचीत चल रही है, जो भविष्य में बैंक की ऋण वृद्धि को और मजबूत बनाएंगे। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से कॉरपोरेट ऋण पिछड़ रहा था, लेकिन दूसरी तिमाही में इसमें 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। शेष दो तिमाहियों में बैंक नीचे दो अंकों की वृद्धि की उम्मीद कर रहा है। आर्थिक गतिविधियों में सुधार के साथ कार्यशील पूंजी का इस्तेमाल बढ़ रहा है, जो हर तिमाही के साथ और मजबूत हो रहा है। एसबीआई चेयरमैन ने यह भी स्पष्ट किया कि बैंक को ऋण वृद्धि बढ़ाने और अगले पांच-छह साल में 15 प्रतिशत का पूंजी पर्याप्तता अनुपात बनाए रखने के लिए अतिरिक्त इक्विटी पूंजी की आवश्यकता शायद नहीं पड़ेगी।

## डालमिया सीमेंट को 266.3 करोड़ के कर नोटिस



**नई दिल्ली** डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड (डीसीबीएल), जो डालमिया भारत की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है, को बिक्री कर कार्यालय से कुल 266.3 करोड़ रुपये के नोटिस प्राप्त हुए हैं। कंपनी ने शेयर बाजारों को सूचित किया कि ये नोटिस सेंट्रल जीएसटी/तमिलनाडु जीएसटी कानून 2017 की धारा 74 के तहत आकलन वर्ष 2019-20 और 2022-23 के लिए लालगुडी, तिरुचिरापल्ली, तमिलनाडु के अधिकारी द्वारा जारी किए गए हैं। आकलन वर्ष 2019-20 के लिए, अधिकारियों ने 128.39 करोड़ रुपये का कर और 19.25 करोड़ रुपये का जुर्माना मांगा है, जबकि 2022-23 के लिए 59.32 करोड़ रुपये का कर और समान राशि का जुर्माना निर्धारित किया गया है। कंपनी ने बताया कि यह नोटिस कर योग्य कारोबार और इनपुट टैक्स क्रेडिट में अंतर से संबंधित हैं। कंपनी ने कहा कि उसे ये आदेश 28 नवंबर, 2025 को मिले हैं।

## दो माह में दो दर्जन कंपनियां आईपीओ लाने की तैयारी में, 40,000 करोड़ जुटाएंगी

**पिछले साल 91 आईपीओ के जरिए कुल 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए थे**

**नई दिल्ली** भारतीय शेयर बाजार में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का आकर्षण इस साल तेजी से बढ़ रहा है। मर्चेंट बैंकरों के अनुसार, अगले दो महीनों के दौरान आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एएमसी, मीसो और जू नियर ग्रीन इनर्जीसमेत लगभग 24 कंपनियां अपने आईपीओ लाने की तैयारी में हैं। इन आईपीओ के जरिए लगभग 40,000 करोड़ रुपये जुटाने की संभावना है। इस समय की मजबूत पाइपलाइन में कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी फ्रेक्टल एनालिटिक्स, होम और स्लीप समाधान ब्रांड वाके फिट, टेक्नोलॉजी आधारित सुरक्षा और निगरानी कंपनी इनोवे टिव व्यू इें डिया और हॉस्पिटल श्रृंखला पार्क मे डि वर्ल्ड जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। यह संकेत देता है कि कंपनियों का भरोसा मजबूत है और निवेशक न केवल सूचीबद्धता के दिन लाभ के लिए बल्कि लंबी अवधि के निवेश के लिए भी उत्सुक हैं। विशेष रूप से, बड़ी, मझोली और छोटी सभी आकार की कंपनियां आईपीओ ला रही हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इस तेजी का श्रेय बढ़ती खुदरा भागीदारी और घरेलू निवेश प्रवाह को जाता है। इस साल अब तक 96 कंपनियां शेयर बाजार में सूचीबद्ध हुई हैं और उन्होंने आईपीओ के माध्यम से कुल 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं। इनमें से 40 से अधिक कंपनियां केवल पिछले तीन महीनों में सूचीबद्ध हुई हैं, जो प्राथमिक बाजार में बढ़ती गतिविधियों को दर्शाता है। पिछले साल, 2024 में 91 आईपीओ के जरिए कुल 1.6 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए थे।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात का मार्केट कैप 96,201 करोड़ बढ़ा

**सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फाइनेंस, सबसे अधिक गिरावट भारती एयरटेल में रही**

**नई दिल्ली**

बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 96,200.95 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे ज्यादा फायदा रिलायंस इंडस्ट्रीज और बजाज फाइनेंस को हुआ। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 28,282.86 करोड़ रुपये बढ़कर 21,20,335.47 करोड़ रुपये हो गया। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 20,347.52 करोड़ रुपये बढ़कर 6,45,676.11 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 13,611.11 करोड़ रुपये बढ़कर 15,48,743.67 करोड़ रुपये हुआ, जबकि आईसीआईसीआई बैंक 13,599.62 करोड़ रुपये बढ़कर 9,92,725.97 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 7,671.41 करोड़ रुपये बढ़कर 5,79,644.16 करोड़ रुपये हुआ। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 6,415.28 करोड़




रुपये बढ़कर 9,04,185.15 करोड़ रुपये और इन्फोसिस का मूल्यांकन 6,273.15 करोड़ रुपये बढ़कर 6,47,961.98 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के उलट भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 35,239.01 करोड़ रुपये घटकर 11,98,040.84 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी का मूल्यांकन 4,996.75 करोड़ रुपये घटकर 5,65,581.29 करोड़ रुपये और टीसीएस का पूंजीकरण 3,762.81 करोड़ रुपये घटकर 11,35,952.85 करोड़ रुपये पर आ गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# भारत 2050 तक 30 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने की राह पर

**8.2 फीसदी रियल जीडीपी ग्रोथ ने बढ़ाई उम्मीदें, नॉमिनल ग्रोथ 12 फीसदी तक पहुंची**

**नई दिल्ली**

भारत ने 2050 तक 30 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने का बड़ा लक्ष्य तय किया है, और ताज़ा आर्थिक संकेतक बताते हैं कि यह लक्ष्य अब पहले से अधिक संभव नजर आ रहा है। दूसरी तिमाही के वित्त वर्ष 26 में देश की रियल जीडीपी ग्रोथ 8.2 फीसदी दर्ज की गई, जो बताती है कि अर्थव्यवस्था मजबूत रफ्तार से आगे बढ़ रही है। भारत की मौजूदा नॉमिनल जीडीपी लगभग 4.15 ट्रिलियन डॉलर है और लक्ष्य तक पहुंचने के लिए पूरे 25 साल का समय उपलब्ध है। आर्थिक गणनाओं के अनुसार, यदि भारत लगातार 8.23 फीसदी नॉमिनल ग्रोथ रेट बनाए रखता है, तो 2050 तक 30 ट्रिलियन डॉलर का स्तर हासिल किया जा सकता है। मौजूदा परिदृश्य में 8.2 फीसदी रियल ग्रोथ के साथ इन्फ्लेशन जोड़ने पर नॉमिनल ग्रोथ 12 फीसदी से अधिक रहती है, यानी भारत लक्ष्य के लिए आवश्यक ग्रोथ से भी तेज़ चल रहा है। विश्लेषण बताते हैं कि अगर भारत अगले 25 वर्षों तक 8.2 फीसदी रियल ग्रोथ बनाए रखता है, तो 2050 में जीडीपी लगभग 30 ट्रिलियन डॉलर के पास पहुंच सकती है। वहीं यदि नॉमिनल ग्रोथ 12 फीसदी पर बनी रहती है, तो भारत 70 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अर्थव्यवस्था भी बन सकता है।




## एपिस इंडिया का बड़ा बोनस इश्यू, निवेशकों के लिए खास मौका

**24:1 रेशियो में बोनस शेयर, रिकॉर्ड डेट 5 दिसंबर**



**मुंबई** एपिस इंडिया लिमिटेड (सिक्योरिटी कोडः 506166), जो हनी, फूड प्रोडक्ट्स और एफएमसीजी सेक्टर में काम करती है, इस हफ्ते अपने शेयरधारकों के लिए बड़ा अवसर लेकर आ रही है। कंपनी ने 24:1 के बेहद बड़े अनुपात में बोनस शेयर जारी करने की घोषणा की है। इसका मतलब है कि निवेशकों के पास जितने भी शेयर हैं, उन्हें हर 1 शेयर पर 24 नए बोनस शेयर मिलेंगे। कंपनी ने 5 दिसंबर को एक्स-डेट और रिकॉर्ड डेट घोषित की है। इस तारीख तक जिन निवेशकों के पास शेयर होंगे, वे इस बोनस का लाभ उठा सकेंगे। बोनस इश्यू का मुख्य उद्देश्य कंपनी के मजबूत रिजर्व और वित्तीय स्थिति का संकेत देना होता है। यह निवेशकों के लिए फ्री शेयर पाने का मौका है और इसे अक्सर सकारात्मक संकेत माना जाता है। बोनस शेयर मिलने के बाद निवेशकों की होल्डिंग बढ़ जाती है, हालांकि शेयर की कीमत अपने अनुपात में एडजस्ट हो जाती है। इससे कुल वैल्यू लगभग वही रहती है, लेकिन शेयर की संख्या बढ़ने से लिक्विडिटी तेज होती है और नए निवेशकों के लिए प्रवेश आसान हो जाता है।

# तेल-तिलहन बाजार में सुधार के बावजूद सोयाबीन तिलहन दाम में गिरावट

**सरसों, मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, पामतेल/पामोलीन और बिनौला तेल के दाम बढ़े**



**स्थानीय मांग में सुधार होने के बावजूद मूंगफली की खपत सीमित**

**नई दिल्ली**

बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजार में मिश्रित रुझान दिखा। सरसों, मूंगफली तेल-तिलहन, सोयाबीन तेल, पामतेल और पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम में सुधार हुआ, जबकि सोयाबीन तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। सोयाबीन डी-आयल्ड केक की कमजोर स्थानीय मांग के कारण मिल वालों की खरीदारी प्रभावित रही, जिससे सोयाबीन तिलहन पर दबाव बना। सरसों के भाव में सुधार हुआ है। दाना 7,110-7,160 रुपये प्रे ति क्रिंटल, दादरी तेल 14,725 रुपये प्रे ति क्विंटल और पक्की व कच्ची घानी तेल क्रमशः 2,470-2,570 और 2,470-2,605 रुपये प्रे ति टिन पर बंद हुए। सरसों के दाम एमएसपी से ऊपर चल रहे हैं, लेकिन आगामी दो-तीन महीनों में नई फसल आने की संभावना और आयातित तेलों से दबाव का असर हो सकता है। सोयाबीन की स्थिति कमजोर बनी हुई है। दाना 4,550-4,600 रुपये और लूज 4,250-4,300 रुपये प्रे ति क्विंटल पर बंद हुए, जो एमएसपी से काफी नीचे हैं। सोयाबीन तेल में दिल्ली 13,450 रुपये और इंदौर 13,100 रुपये प्रे ति क्विंटल पर सुधार दिखा। आयातक पहले लागत से 3-3.5 फीसदी कम दाम पर बेच रहे थे, जो अब 6.5-7 प्रे ति तक बढ़ गया है। मूंगफली तेल-तिलहन के दाम भी सुधार के साथ बंद हुए। तिलहन 6,450-6,825 रुपये प्रे ति क्विंटल, तेल 15,250 रुपये प्रे ति क्विंटल और साल्वेंट रिफाइंड 2,470-2,770 रुपये प्रे ति टिन पर बंद हुए। स्थानीय मांग बढ़ने के बावजूद हाजिर दाम एमएसपी से 10-12 फीसदी नीचे हैं। पामतेल और पामोलीन के भाव में मामूली सुधार हुआ। सीपीओ 11,275 रुपये, पामोलीन दिल्ली 13,125 रुपये और पामोलीन कांडला 12,100 रुपये प्रे ति क्विंटल पर बंद हुए। सरकार ने कच्चे पामतेल का आयात शुल्क घटाया और सोयाबीन डीगम तेल के आयात शुल्क में मामूली बढ़ोतरी की। विशेषज्ञों ने कहा कि आयात पर निर्भरता बढ़ने और हाजिर दाम एवं एमएसपी के बीच अंतर से किसानों और मिलों को नुकसान हो रहा है। बाजार में सुधार सरसों, मूंगफली और पामतेल में दिख रहा है, लेकिन सोयाबीन तिलहन की गिरावट और हाजिर दाम में अंतर चिंता का विषय बने हुए हैं।

# एफपीआई ने नवंबर में घरेलू शेयर बाजार से 3,765 करोड़ निकाले

**साल 2025 में अब तक एफपीआई ने शेयरों से कुल 1.43 लाख करोड़ रुपये से अधिक निकाले**

**नई दिल्ली**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) नवंबर 2025 में भारतीय शेयर बाजार में फिर से बिकवाल बन गए हैं। अक्टूबर में 14,610 करोड़ रुपये के निवेश के बाद, विदेशी निवेशकों ने इस महीने शेयरों से 3,765 करोड़ रुपये निकाले। जुलाई से नवंबर तक एफपीआई का रुख अस्थिर रहा; जुलाई में 17,700 करोड़ रुपये, अगस्त में 34,990 करोड़ रुपये और सितंबर में 23,885 करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। विशेषज्ञों के अनुसार नवंबर में बिकवाल बनने के कारण वैश्विक और घरेलू दोनों कारकों से जुड़े हैं। बाजार के विशेषज्ञों के मुतो बिक अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर नीति में अनिश्चितता, डॉलर में मजबूती और उभरते बाजारों में जोखिम लेने की क्षमता कम होना एफपीआई के सतर्क रुख की वजह बने। भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव भी इसके पीछे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक जोखिम से बचने की धारणा और




प्रौद्योगिकी, उपभोक्ता सेवाओं एवं स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के शेयरों में उतार-चढ़ाव मुख्य कारण हैं। एफपीआई का प्रवाह बदलने योग्य है, क्योंकि कुछ दिन खरीदार और कुछ दिन बिकवाल रहने का रुझान रहा है। साल 2025 में अब तक एफपीआई ने शेयरों से कुल 1.43 लाख करोड़ रुपये से अधिक निकाले हैं। इसी दौरान, ऋण बाजार में निवेश 8,114 करोड़ रुपये का रहा, जबकि स्वैच्छिक प्रतिधारण मार्ग से 5,053 करोड़ रुपये की निकासी हुई।

# कर्नाटक हाईकोर्ट : मामूली देरी या दस्तावेजों की कमी से मुआवजा हो सकता है रद्द

**एमएसीटी में दावा दर्ज करने और मुआवजा पाने के लिए सावधानी जरूरी**

**नई दिल्ली**

कर्नाटक हाईकोर्ट ने हाल ही में मोटर एक्सीडेंट क्लेम्स ट्रिब्यूनल (एमएसीटी) के एक फैसले को सही ठहराते हुए स्पष्ट किया कि मामूली देरी, दस्तावेजों की कमी या सबूतों में खामियां भी सड़क दुर्घटना मुआवजे के हक को प्रभावित कर सकती हैं। मामले में, शिकायत दर्ज कराने में 24 दिन की देरी और आरोपी वाहन के शामिल होने को साबित न कर पाने के कारण एमएसीटी ने दावे को खारिज किया था। हाईकोर्ट ने भी इसे सही माना। एमएसीटी, मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 की धारा 165 के तहत स्थापित है और यह मृत्यु, चोट या तीसरे पक्ष की संपत्ति को हुए नुकसान के मामलों में मुआवजा प्रदान करता है। यह सामान्य सिविल कोर्ट की लंबी प्रक्रिया नहीं अपनाता और धारा 168 के तहत संक्षिप्त प्रक्रिया में जांच कर फैसला सुनाता है। दावा दर्ज करने के लिए आवेदन में दुर्घटना का पूरा विवरण, चोट या नुकसान और मुआवजे की मांग लिखना आवश्यक है। इसे पीड़ित, मृतक के कानूनी प्रतिनिधि, संपत्ति के मालिक या अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा दाखिल किया जा सकता है। दावा उस एमएसीटी में दाखिल किया जा सकता है, जहां दावेदार या आरोपी का निवास या व्यवसाय है। आम तौर पर यह दावे दुर्घटना के 6 महीने के भीतर दाखिल किए जाते हैं, हालांकि सुप्रीम कोर्ट में इस सीमा को चुनौती दी गई है। मुआवजा तय करने में उम्र, आय, कमाई की क्षमता, भविष्य की आय के नुकसान, मेडिकल बिल, लंबी अवधि के इलाज की जरूरत और आश्रितों की निर्भरता जैसे फैक्टर्स को ध्यान में रखा जाता है। दर्द और तकलीफ जैसी गैर-आर्थिक क्षतियां भी मुआवजे में शामिल होती हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि मजबूत दावा करने के लिए तुरंत एफआईआर दर्ज कराना, दुर्घटना स्थल से सबूत जुटाना, इलाज कराना और एमएलसी दर्ज कराना जरूरी है। देरी या दस्तावेजों में खामियां मामले को कमजोर कर सकती हैं, जैसा कि कर्नाटक हाईकोर्ट के हालिया फैसले में देखा गया।

# 1 दिसंबर से बदल जाएंगे कई नियम, आपकी जेब पर पड़ेगा सीधा असर

**सीएनजी-पीएनजी, एलपीजी, बैंकिंग, पेंशन और टैक्स से जुड़े नियम किए गए संशोधित**

**मुंबई**

दिसंबर की शुरुआत के साथ ही कई बड़े आे र्थिक और प्रशासे निक बदलाव लागू हो रहे हैं, जिनका सीधा असर आम लोगों की जेब पर पडने वाला है। हर महीने की तरह इस बार भी गैस, बैंकिंग, पेंशन और टैक्स से जुड़े नियमों में संशोधन किए गए हैं। आइए जानते हैं 1 दिसंबर से क्या-क्या बदलने वाला है।

**1. सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में संभावित बदलाव-** ऑयल कंपनियां हर महीने सीएनजी, पीएनजी और जेट फ्यूल के दाम में संशोधन करती हैं। 1 दिसंबर को भी नई दरें जारी हो सकती हैं। कीमतों में बढ़ोतरी या कमी का असर सीधे घरेलू बजट पर पड़ेगा, खासकर उन परिवारों पर जो पीएनजी गैस से खाना पकाते हैं या सीएनजी वाहनों का उपयोग करते हैं।

**2. एलपीजी सिलेंडर की कीमतें भी होंगी अपडेट-** सरकार हर महीने घरेलू और कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के रेट में बदलाव करती है।

नवंबर में दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 5 रुपए की कमी की गई थी। दिसंबर में फिर से नई कीमतें जारी की जाएंगी, जिससे होटल, रेस्टोरेंट और आम उपभोक्ताओं का खर्च प्रभावित होगा।

**3. पेंशनरों के लिए जरूरी निर्देश-** पेंशन प्राप्त करने वाले बुजुर्गों के लिए दिसंबर बेहद महत्वपूर्ण है। सरकार ने सभी पेंशनरों को 30 नवंबर या दिसंबर तक जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के निर्देश दिए हैं। समय पर प्रमाण पत्र जमा न करने पर जनवरी से पेंशन रोक दी जाएगी। अच्छी बात है कि यह प्रक्रिया अब ऑनलाइन भी पूरी की जा सकती है।

**4. ऑनलाइन बैंकिंग और कार्ड नियमों में बदलाव-** 1 दिसंबर से कई बैंक ऑनलाइन बैंकिंग, यूपीआई, क्रेडिट व डेबिट कार्ड से जुड़े नियम अपडेट कर रहे हैं। कुछ बैंकों में सुरक्षा सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं, वहीं कार्ड चार्ज और ट्रांजैक्शन फीस में बदलाव संभव है। ग्राहकों को अपने बैंक के नोटिफिकेशन पर नजर बनाए रखना चाहिए।

**5. टैक्स फाइलिंग की अंतिम तिथि और बैंक हॉलिडे-** अक्टूबर महीने की टीडीएस फाइलिंग की आखिरी तारीख 30 नवंबर तय की गई है। वहीं दिसंबर में लगभग 18 दिन बैंक हॉलिडे रहेंगे, इसलिए किसी भी बैंकिंग कार्य की पहले से योजना बनाना जरूरी है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
सोमवार 01 दिसंबर 2025
Www.vishalindia.in


# ‘लोग क्या कहेंगे’की कहानी में भावनाओं और यादों का चित्रण: गिरिजा ओक



अभिनेता पंकज त्रिपाठी और मोहित छाबड़ा एक नई वेब सीरीज ‘परफेक्ट फैमिली’ के साथ आ रहे हैं। इस सीरीज में अभिनेत्री गिरिजा ओक अहम भूमिका निभा रही हैं, और हाल ही में जारी प्रोमो में वह नीति करकारिया के रूप में नजर आईं। वेबसीरीज के इस प्रोमो से स्पष्ट है कि यह कहानी केवल पारिवारिक ड्रामा नहीं है, बल्कि उन भावनाओं और यादों का चित्रण है, जिन्हें हम बड़े होने पर समझ पाते हैं। मनोज पाहवा, सीमा पाहवा, गुलशन देवैया और नेहा धूपिया जैसे अनुभवी कलाकार इसमें शामिल हैं, जिससे कहानी और भी मजबूत बनती है। गिरिजा ओक ने अपने किरदार और शो के विषय पर बात करते हुए कहा कि बचपन का ट्रॉमा अपने भीतर गहरे असर छोड़ता है। बच्चे को उस समय यह अहसास भी नहीं होता कि वह किसी भारी भावनात्मक बोझ से गुजर रहा है, वह केवल परिस्थितियों से तालमेल बैठाने की कोशिश कर रहा होता है। उन्होंने कहा कि माता-पिता हमेशा अपने बच्चों के लिए अच्छा ही चाहते हैं, लेकिन कई बार ‘लोग क्या कहेंगे’ वाली सोच उन्हें सही निर्णय लेने से रोक देती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अगर माता-पिता समाज के दबाव से ऊपर उठकर सोचें तो वे बेहतर समझ पाएंगे कि उनके बच्चे के लिए वास्तव में क्या जरूरी है। बच्चों की भावनाओं को समझना और उनके लिए सही फैसले लेना बड़ों की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। गिरिजा का मानना है कि आज के समय में माता-पिता पहले की तुलना में अधिक जागरूक और भावनात्मक रूप से संवेदनशील हो गए हैं। इसी कारण भविष्य में कम लोगों को बचपन के परेशान करने वाले अनुभवों के लिए थेरेपी की जरूरत पड़ सकती है। उन्होंने बताया कि इस सीरीज की स्क्रिप्ट ने उन्हें पहली ही पढ़त में अपनी ओर खींच लिया। उन्हें ऐसा महसूस हुआ मानो वे किसी रोचक कहानी की किताब पढ़ रही हों और हर एपिसोड पिछले से गहरी भावनाओं को छूता हो। सीरीज की शूटिंग के अनुभव को साझा करते हुए गिरिजा ने बताया कि जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ी, क्रू भी एक परिवार जैसा हो गया। सेट पर मौजूद दोस्ताना माहौल, मजाक और सहज बातचीत ने पूरी प्रक्रिया को आनंदमय बना दिया। इस वजह से भावनात्मक दृश्यों को निभाना भी आसान हो गया।

# 10 साल बाद ‘भाभी जी घर पर हैं’ से अलग हो रही हैं शुभांगी अत्रे



टीवी शो ‘भाभी जी घर पर हैं’ में अंगूरी भाभी का किरदार निभाने वाली एक्ट्रेस शुभांगी अत्रे ने आखिरकार शो छोड़ने की खबर की पुष्टि कर दी है। उन्हें शो की पुरानी अंगूरी भाभी यानी शिल्पा शिंदे रिप्लेस करने वाली हैं। एक्ट्रेस ने स्वयं बताया है कि 10 साल बाद वह शो से अलग हो रही हैं और इसे वह एक सकारात्मक मोड़ की तरह देख रही हैं। उनके अनुसार यह बदलाव उनके पेशेवर जीवन में नए अवसरों का मार्ग खोलेगा। शुभांगी ने कहा कि उन्होंने हमेशा शो की निर्माता मिसेस कोहली से वादा किया था कि वह शो की यात्रा को सम्मान और गरिमा के साथ शुरू और समाप्त करेंगी, और यह एग्जिट उनके लिए बिल्कुल वैसा ही है जैसा वह चाहती थीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि रिप्लेसमेंट के पीछे कोई नकारात्मक वजह नहीं है, बल्कि वह एक कलाकार के रूप में नए किरदारों को एक्सप्लोर करना चाहती हैं। जीवन में कई उतार-चढ़ाव देखने के बाद अब वह फाइटर मोड में हैं और फिलहाल अपनी बेटी और करियर पर फोकस कर रही हैं। लगभग एक दशक तक शो का हिस्सा रहने के बाद इसे छोड़ना शुभांगी के लिए भावुक अनुभव रहा। वह कहती हैं कि शो से विदा लेना ऐसा है जैसे कोई अपना घर छोड़ रहा हो। अंगूरी भाभी का किरदार उनके व्यक्तित्व का हिस्सा बन चुका था और इस शो ने उन्हें पहचान, सफलता और दर्शकों का अपार प्यार दिया है। उन्होंने इस बात को भी स्वीकार किया कि किसी और के स्थापित किए किरदार को आगे निभाना आसान नहीं होता, क्योंकि उस किरदार को दर्शकों से जोड़ना एक बड़ी चुनौती होती है। फिर भी, उन्हें खुशी है कि दर्शकों ने उन्हें उतना ही प्यार दिया जितना पहले मिला था। शुभांगी ने मज़ाकिया अंदाज़ में कहा कि जब शिल्पा शिंदे ने यह रोल छोड़ा था, तब वह इसे एक नवजात शिशु की तरह उनके हाथों में देकर गई थीं।



# नया फिटनेस चैलेंज देकर लोगों को चौंकाया भाग्यश्री ने

56 साल की उम्र में भी अभिनेत्री भाग्यश्री का ग्लो और एनर्जी किसी युवा अभिनेत्री से कम नहीं है। भाग्यश्री सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं और फैंस को समय-समय पर फिट रहने के लिए प्रेरित करती रहती हैं। फिल्म ‘मैंने प्यार किया’ से अपनी मासूम अदाओं और सादगी भरे अभिनय से दर्शकों के दिलों पर राज करने वाली अभिनेत्री भाग्यश्री आज भी अपनी खूबसूरती और फिटनेस के लिए चर्चा में रहती हैं। इसी कड़ी में उन्होंने हाल ही में एक नया फिटनेस चैलेंज देकर लोगों को चौंका दिया है। भाग्यश्री ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह जिम में ड्रिल एक्सरसाइज करती हुई नजर आती हैं। वीडियो में वह अपने फॉलोवर्स को चैलेंज देती हैं और कहती हैं ‘चलिए देखते हैं कि आप कितने फुर्तीले हैं।’ वीडियो में भाग्यश्री दो अलग-अलग ड्रिल एक्सरसाइज करती हैं, जिसमें उन्हें कुल 7 सेकंड का समय लगता है। उनकी तेज गति और बेहतरीन कॉन्सन्ट्रेशन देखकर फैंस दंग रह गए और कमेंट सेक्शन में उनकी तारीफों की बौछार कर दी। वीडियो के कैप्शन में उन्होंने लिखा ‘इसकी प्रैक्टिस से चपलता, गतिशीलता और ध्यान का परीक्षण किया जाएगा। मुझे हर एक्सरसाइज को करने में 7 सेकंड लगे। इसे आजमाएं और बताएं कि आपको कितना समय लगा। इसे रोजाना करें और अपनी गति बेहतर करने के लिए खुद से प्रतिस्पर्धा करें।’ भाग्यश्री का यह फिटनेस चैलेंज तेजी से वायरल हो रहा है और कई यूज़र्स इसे आज़माने की बात कह रहे हैं। वीडियो में साफ दिखाई देता है कि 56 की उम्र में भी उनकी फुर्ती और फिटनेस युवा खिलाड़ियों जैसी है। इससे यह भी साबित होता है कि नियमित अभ्यास और अनुशासन से किसी भी उम्र में फिट रहा जा सकता है। ड्रिल एक्सरसाइज को स्किल-बेस्ड ट्रेनिंग माना जाता है, जो शरीर की फुर्ती, संतुलन, गति और समन्वय क्षमता को बढ़ाती है। एक्सरसाइज खिलाड़ियों और धावकों के लिए खासतौर पर लाभकारी मानी जाती है, लेकिन अब आम लोग भी इसे अपनी दिनचर्या में शामिल कर रहे हैं। यह न केवल शरीर को लचीला बनाती है, बल्कि दिल और दिमाग की सेहत भी बेहतर करती है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि प्रतिदिन 15 मिनट ड्रिल एक्सरसाइज की जाए तो यह शरीर में हार्मोनल बैलेंस बनाने, तनाव कम करने, मूड हल्का करने और दिल की बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करती है।

# टाइगर के साथ दिशा की केमिस्ट्री को फैंस ने किया बेहद पसंद

बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी की लव लाइफ सालों से लोगों की दिलचस्पी का बड़ा विषय रही है। दिशा का नाम सबसे ज्यादा टाइगर श्रॉफ के साथ जोड़ा गया। टाइगर के साथ उनकी केमिस्ट्री को फैंस ने बेहद पसंद किया। हालांकि बहुत कम लोग जानते हैं कि दिशा का नाम दो और स्टार्स के साथ भी जुड़ चुका है, जिनके साथ उनके रिश्ते ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं। दिशा पाटनी और टाइगर श्रॉफ का रिश्ता लंबे समय तक लाइमलाइट में रहा। दोनों को अक्सर साथ देखा जाता था जिम से लेकर लंच डेट्स और विदेश यात्राओं तक की उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होती थीं। दिशा का टाइगर की मां आयशा श्रॉफ और बहन कृष्णा श्रॉफ के साथ भी घनिष्ठ रिश्ता था। हालांकि दोनों ने कभी अपने रिश्ते को सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं किया, लेकिन करीब छह साल तक एक-दूसरे के साथ रहने के बाद 2022 में दोनों ने अलग होने का फैसला किया। ब्रेकअप के बाद दोनों अपनी-अपनी जिंदगी में आगे बढ़ रहे हैं और अब दोनों के बीच कोई खास संपर्क नहीं है। टाइगर श्रॉफ से पहले भी दिशा पाटनी का नाम टीवी जगत के पॉपुलर एक्टर पार्थ समथान के साथ जुड़ा था। दोनों अपने करियर के शुरुआती चरण में एक-दूसरे के करीब आए और उनकी कई कोजी तस्वीरों ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी थी। हालांकि कुछ समय बाद यह रिश्ता अचानक खत्म हो गया। उस वक्त खबरें थीं कि पार्थ और विकास गुप्ता के बीच कथित विवाद के चलते दिशा और पार्थ के रिश्ते में दरार पड़ी, हालांकि इस पर किसी ने खुलकर कुछ नहीं कहा। बीते कुछ समय से दिशा का नाम विदेशी मॉडल और फिटनेस ट्रेनर अलेक्जेंडर एलेक्स इलिक के साथ भी जोड़ा गया।



दोनों को अक्सर जिम, कैफे, इवेंट्स और पार्टियों में साथ देखा जाता था। सोशल मीडिया पर उनकी कई तस्वीरें और वीडियोज वायरल हुए, जिससे उनके रिश्ते की चर्चाएं तेज हुईं। यहां तक कि अलेक्जेंडर के हाथ पर बने एक टैटू को देखकर फैंस ने कहा कि इसमें दिशा का चेहरा नजर आता है। हालांकि रिपोर्ट्स के अनुसार यह रिश्ता भी अब समाप्त हो चुका है और दोनों अपने-अपने करियर पर फोकस कर रहे हैं। दिशा पाटनी की लव लाइफ भले ही उतार-चढ़ाव से भरी रही हो, मगर उनकी प्रोफेशनल लाइफ लगातार आगे बढ़ रही है।

# रानी चटर्जी के पुराने वीडियो पर आई लाइक्स की बाढ़



अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भोजपुरी अभिनेत्री रानी चटर्जी ने एक खास वीडियो पोस्ट करके पुराने दिनों की यादें ताज़ा कर दीं। वीडियो में रानी एक गाड़ी में बैठी दिख रही हैं और 1988 की रोमांटिक फिल्म ‘कयामत से कयामत तक’ के सुपरहिट गाने ‘ऐ मेरे हमसफर’ पर शानदार एक्सप्रेशन देते हुए नजर आ रही हैं। उनका यह वीडियो पोस्ट होते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिस पर प्रशंसकों के लाइक्स और कमेंट्स की बाढ़ आ गई। कई यूज़र्स ने उनके अंदाज की तारीफ करते हुए लिखा कि रानी ने इस गाने में नई जान डाल दी है। वीडियो के कैप्शन में रानी ने लिखा ‘90 दशक के चाहने वालों, जरा ध्यान दें। फिर, प्यार में पड़ने के लिए तैयार हो जाइए।’ उनकी इस बात ने लोगों में पुरानी यादें ताजा कर दीं और कमेंट बॉक्स में फैंस ने ढेरों प्रतिक्रियाएं दीं। कोई उनके एक्सप्रेशन की तारीफ करता दिखा तो कोई इस रोमांटिक गाने को अपना पसंदीदा बता रहा था। रानी चटर्जी के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही फिल्म ‘यूपी वाली और बिहार वाली’ में नजर आने वाली हैं, जिसकी शूटिंग पूरी हो चुकी है।



# सिंदूर और मंगलसूत्र वाले लुक ने फैंस का दिल जीता रानी ने

भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री रानी चटर्जी एक बार फिर चर्चा में हैं। अपने दमदार अभिनय और बेबाक अंदाज के लिए जानी जाने वाली रानी सोशल मीडिया पर भी बेहद सक्रिय रहती हैं और अक्सर अपने फैंस को अपनी निजी और प्रोफेशनल लाइफ की झलक दिखाती रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर अपनी नई फिल्म ‘यूपी वाली और बिहार वाली’ के सेट से कुछ तस्वीरें साझा कीं, जिन्हें देखकर फैंस बेहद खुश और उत्साहित हो गए। पोस्ट की गई तस्वीरों में रानी चटर्जी नारंगी रंग की खूबसूरत साड़ी में नजर आ रही हैं। उन्होंने हल्का मेकअप किया हुआ है, मांग में सिंदूर और गले में मंगलसूत्र पहना हुआ है, जो उनके लुक को पूरी तरह ट्रेडिशनल और आकर्षक बना रहा है। रानी का यह अवतार देखकर फैंस उनकी खूबसूरती और सरलता की खूब तारीफ कर रहे हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट के साथ भोजपुरी गाना ‘कहे नाहीं कहलू पहिले’ भी जोड़ा है, जो तस्वीरों के भाव को और खास बनाता है। तस्वीरें शेयर करते हुए रानी ने एक भावुक कैप्शन लिखा ‘दिल बड़ा तो तू बड़ा’, जिसने फैंस के बीच उत्सुक्ता और बढ़ा दी। सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल होने के बाद कई फैंस ने कमेंट कर रानी की तारीफ की। एक यूजर ने लिखा, ‘बहुत प्यारी लग रही हैं आप, अब आप भी शादी कर लीजिए और अपने पति के लिए व्रत रखिए।’ वहीं, एक अन्य ने कहा, ‘मंगलसूत्र और सिंदूर में आप बहुत सुन्दर लग रही हैं।’ कुछ लोगों ने मज़ाक में यह भी पूछा कि कहीं रानी ने सच में शादी तो नहीं कर ली!

रानी चटर्जी ने भोजपुरी इंडस्ट्री में अपनी मेहनत और अभिनय कौशल से एक खास जगह बनाई है। यह अभिनेत्री फिल्मी दुनिया में लंबा और मजबूत सफर तय कर चुकी हैं और उनकी फैन फॉलोइंग लगातार बढ़ती जा रही है। हाल ही में उनकी कई फिल्में रिलीज हुई हैं, और कुछ जल्द ही बड़े पर्दे पर आने वाली हैं। वर्तमान में रानी ने अपनी नई फिल्म ‘यूपी वाली और बिहार वाली’ की शूटिंग पूरी कर ली है, जिसकी जानकारी उन्होंने खुद पोस्ट के जरिए दी। मंजुल ठाकुर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रानी के अलावा संजना, प्रशांत सिंह, आलोक सिंह राजपूत, ललित उपाध्याय, विद्या सिंह, स्वेता वर्मा और गोपाल चौहान जैसे कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। इसके साथ ही रानी की ‘जानम’ और ‘बैरी बहुरिया’ भी हाल ही में रिलीज हो चुकी हैं। रानी चटर्जी की नई तस्वीरों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उनकी लोकप्रियता दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, और फैंस उनसे जुड़े हर अपडेट का बेसब्री से इंतजार करते हैं।

# श्रद्धा कपूर के करियर में नए अध्याय की शुरुआत



एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर राइटर-डायरेक्टर राहुल मोदी के साथ बॉन्डिंग खूब चर्चा में रहती है। फैंस को एक्ट्रेस ने हाल ही एक और खुशखबरी दी है। श्रद्धा कपूर ने बताया कि वह राहुल मोदी की अगली फिल्म का हिस्सा हैं और इस फिल्म की शूटिंग भी पूरी हो चुकी है। श्रद्धा के मुताबिक, फिल्म का आधिकारिक एलान बहुत जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब वह अपने किरदारों और फिल्मों की स्क्रिप्ट को चुनने में अधिक सोच-समझकर कदम उठा रही हैं, ताकि हर प्रोजेक्ट उनके करियर में नया मूल्य जोड़ सके। श्रद्धा ने खुलासा किया कि राहुल मोदी की यह फिल्म स्टार्टअप कल्चर और आधुनिक युवाओं की तेज रफ्तार वाली ‘असल लाइफस्टाइल’ को दर्शाएगी।

# संघर्ष के दिनों में रोजमर्रा का खर्च चलाना मुश्किल था अर्जुन रामपाल के लिए



बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल की पर्सनैलिटी और मॉडल जैसा लुक देखकर कोई भी मान लेगा कि उनका सफर बेहद सुखद रहा होगा। अर्जुन के करियर की शुरुआत ऐसी चुनौतियों से भरी थी कि रोजमर्रा का खर्च चलाना तक मुश्किल बन गया था। एक्टर अर्जुन रामपाल का जन्म मध्य प्रदेश के जबलपुर में हुआ। उनका परिवार मिलिट्री पृष्ठभूमि से जुड़ा था और उनके नाना ब्रिगेडियर गुरदयाल सिंह भारतीय सेना के लिए पहली आर्टिलरी गन डिज़ाइन करने वाली टीम का हिस्सा थे। बचपन में ही माता-पिता के तलाक के बाद उनकी परवरिश अकेले उनकी मां ने की, जो पेशे से स्कूल टीचर थीं। प्रारंभिक पढ़ाई महाराष्ट्र में पूरी करने के बाद उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी के हिंदू कॉलेज में दाखिला लिया और अर्थशास्त्र में ग्रेजुएशन किया। करियर का मोड़ तब आया जब एक पार्टी में उनकी मुलाकात मशहूर फैशन डिजाइनर रोहित बल से हुई, जिन्होंने उन्हें मॉडलिंग का मौका दिया।

कुछ ही समय में अर्जुन भारत के टॉप मॉडल्स की सूची में शामिल हो गए और 1994 में उन्हें ‘सोसाइटी फेस ऑफ द ईयर’ पुरस्कार भी मिला। परंतु बाहरी चमक के पीछे संघर्ष चल रहा था। अर्जुन ने खुद स्वीकार किया कि मॉडलिंग के दौरान कमाई अनियमित थी और अक्सर स्थिति ऐसी बन जाती कि खाने तक के पैसे नहीं होते थे। फिल्मों में करियर बनाने की कोशिशों ने मुश्किलें और बढ़ा दीं। इसी बीच उन्हें पहली फिल्म ‘मोक्ष’ में काम का मौका मिला, लेकिन फिल्म बनने में पांच साल लग गए। इस दौरान उन्होंने मॉडलिंग छोड़ दी थी और कोई निश्चित काम भी नहीं था। 2001 में रिलीज हुई ‘प्यार इश्क और मोहब्बत’ से उन्हें पहचान मिली। फिल्म भले बॉक्स ऑफिस पर कमजोर रही, लेकिन अर्जुन की एक्टिंग की खूब तारीफ हुई और उन्हें आईफा का ‘फेस ऑफ द ईयर’ अवॉर्ड मिला।

शुरुआती फिल्मों ‘दीवानापन,’ ‘दिल का रिश्ता,’ और ‘वादा’ से अर्जुन की छवि एक रोमांटिक हीरो की बनी, हालांकि ये फिल्में बड़ी हिट नहीं रहीं। असली मोड़ 2006 में ‘डॉन’ और फिर ‘ओम शांति ओम’ में मिला, जहां उन्होंने विलेन का किरदार निभाकर दर्शकों को चौंका दिया। 2008 की फिल्म ‘रॉक ऑन’ ने उन्हें नई पहचान दी। इस भूमिका के लिए उन्होंने महीनों तक गिटार बजाना सीखा और इस फिल्म ने उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार और फिल्मफेयर में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का सम्मान दिलाया। अर्जुन ने आगे चलकर अपनी प्रोडक्शन कंपनी ‘चेजिंग गणेशा फिल्म्स’ बनाई और ‘आई सी यू’ तथा ‘डैडी’ जैसी फिल्मों का निर्माण किया।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादक: जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in